




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



**सुनालिया ज्वेलर्स**
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 103 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 12 जनवरी 2026 डाक 13 जनवरी 2026 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**
सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने रुद्राक्ष माला पहने हुए एक त्रिशूल (त्रिशूल) और एक डमरू (पलेट ड्रम) धारण किया...



**देश-विदेश**
कांग्रेस से निष्कासित विधायक राहुल ममकुटाथिल यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार



**फीचर पेज**
ब्रेड से सैंडविच के अलावा भी बनाकर खाए जा सकते हैं ये लजीज व्यंजन




### सगाई की खुशियां मातम में बदलीं

# बेलगाम हाईवा ने एक ही परिवार के 4 युवकों को रौंदा



**गढ़वा, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

गढ़वा-रेहला मुख्य मार्ग पर देर रात रफ्तार के कहर ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं। बेलचंपा गांव के समीप एक अज्ञात हाईवा ने स्कार्पियो को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि वाहन में सवार चार युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि स्कार्पियो पूरी तरह चकनाचूर हो गई और चारों युवकों के शव लोहे के मलबे में फंस गए। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और मृतकों के गांवों में कोहराम मचा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि झारखंड में अवैध खनन में लगे हाईवा ऐसे ही बेलगाम हैं।

जानकारी के अनुसार पलामू जिले के रहने वाले ये चारों युवक श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के बिलासपुर गांव गए थे। वहां जितेंद्र पासवान की मौसेरी बहन की सगाई का कार्यक्रम था। परिवार में उत्सव का माहौल था और सगाई की रस्में पूरी होने के बाद सभी युवक खुशी-खुशी स्कार्पियो से वापस घर लौट रहे थे। उन्हें क्या पता था कि यह सफर उनकी जिंदगी का आखिरी सफर साबित होगा। जैसे ही उनकी गाड़ी बेलचंपा गांव के पास पहुंची, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार अज्ञात हाईवा ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया । स्थानीय लोगों का कहना है कि देर रात हुआ हादसा महज एक दुर्घटना नहीं, बल्कि उस बेलगाम रफ्तार का नतीजा है जो अक्सर अवैध खनन के कारोबार में देखने को मिलती है। टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के लोग सहम गए।

स्थानीय लोगों ने देखा कि स्कार्पियो सड़क किनारे पिचक गई थी। हादसे के तुरंत बाद हाईवा चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही गढ़वा थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। वाहन की स्थिति इतनी खराब थी कि पुलिस को कटर मशीन बुलानी पड़ी। कड़ी मशक्कत के बाद गाड़ी के हिस्सों को काटकर चारों शवों को बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। हादसे का शिकार हुए युवकों की पहचान पलामू और विश्रामपुर क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। इनमें लवर पांडु निवासी नरेंद्र कुमार पासवान और जितेंद्र पासवान शामिल हैं, जबकि दो अन्य युवक बादल पासवान और बिक्की कुमार विश्रामपुर के भंडार गांव के रहने वाले थे।ये सभी आपस में करीबी रिश्तेदार थे। अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। एक साथ चार जवान बेटों की अर्थी उठने की खबर ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है।


# जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में 150 से अधिक आतंकी, हाई अलर्ट पर सुरक्षाबल



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर की सीमाएं कोहरे के आगोश में और बर्फ से लदी हैं। आतंकियों के समूह घुसपैठ के लिए मौके की तलाश में हैं, लेकिन ऑपरेशन सर्द हवा, घुसपैठरोधी ग्रिड मजबूत होने और सुरक्षाबलों की सतर्कता से उनके मंसूबे नाकाम हो रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर हाईअलर्ट के चलते सेना की अतिरिक्त तैनाती, औचक नाकों व तकनीकी सर्वेलांस से किसी भी प्रकार की साजिश से निपटने के लिए पूरी तैयारी है। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय सीमा व अंदरुनी इलाकों की सुरक्षा सुरक्षित बनाने के लिए सीमा सुरक्षा बल ने भी ऑपरेशन सर्द हवा छेड़ रखा है। वहीं शीर्ष अधिकारी भी सैनिकों के बीच जाकर उनका मनोबल बढ़ा रहे है। अंतरराष्ट्रीय सीमा से लेकर नियंत्रण रेखा पर 69 लांचिंग पैडों पर डेढ़ सौ अधिक आतंकियों की मौजूदगी के पुख्ता संदेश हैं। सेना, सुरक्षाबल व खुफिया एजेंसियां समन्वय बनाकर जम्मू कश्मीर में गणतंत्र दिवस को सुरक्षित बनाने के लिए अभियान चला रही है। सेना की उत्तरी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने उत्तरी कश्मीर में नियंत्रण रेखा का दौरा कर सुरक्षा हालात जाने।

आर्मी कमांडर शर्मा ने स्थानीय यूनिटों को खुफिया तंत्र को मजबूत बनाकर सुरक्षा चुनौतियों को सामना करने के निर्देश दिए हैं। जम्मू के कठुआ जिले में आतंकियों की मूवमेंट की खुफिया सूचनाएं हैं। रणनीति के तहत सेना ने न सिर्फ नियंत्रण रेखा अपितु ऐसे इलाकों में सुरक्षा पुख्ता की है जहां आतंकियों के घुसपैठ कर कश्मीर जाने के पारंपरिक मार्ग रहे हैं। सूत्रों के अनुसार आर्मी कमांडर जल्द राजौरी का दौरा कर सुरक्षा हालात का भी जायजा लेंगे। आर्मी कमांडर ने गुलमर्ग स्थित हाई एल्टीट्यूड वारफेयर स्कूल में सैनिकों की प्रशिक्षण गतिविधियों की भी समीक्षा की।

## बोलेरो में लोड 451 किलो गांजा बरामद, 2 तस्कर गिरफ्तार



**राघोपुर (सुपौल)।** नशे के सौदागरों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में राघोपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सिमराही बाजार स्थित जेपी चौक पर घेराबंदी कर एक बोलेरो से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। बरामद गांजे का वजन 451 किलोग्राम बताया जा रहा है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 25 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है।

पुलिस ने मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार करने के साथ ही तस्करी में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी को भी जब्त कर लिया है।

### सीबीआई के सामने थलापति विजय की आज पेशी, साउथ के एक्शन हीरो से पूछताछ शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अभिनेता से नेता बने थालापति विजय से केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई बीते साल हुए करूर भगदड़ मामले में पूछताछ कर रही है। 27 सितंबर, 2025 को तमिलनाडु के करूर जिले में विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कज़गम (टीवीके) के द्वारा एक रैली का आयोजन किया गया था। इस रैली में जब विजय भाषण देने आए थे तो भगदड़ मच गई और 41 लोगों की जान चली गई थी। इस मामले को लेकर सीबीआई के सामने विजय पेश हुए हैं।

## पीटीआर की माला रेंज में हाथियों का उत्पात, ग्रामीणों ने रात भर जागकर बुलेट से खदेड़ा जंगली दल



**पीलभीत, 12 जनवरी ।**

पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) की माला रेंज के अंतर्गत थाना गजरौला क्षेत्र के गांव महुआ सिरसा सरदाह के पास नेपाली हाथियों ने एक बार फिर उत्पात मचाया। नेपाल से आए हाथियों के अचानक गांव के नजदीक पहुंच जाने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। हाथियों ने किसानों की फसलों को नुकसान कर दिया, बाकी लोगों की भी नुकसान की आशंका बनी रही। लगातार बढ़ते हाथियों के आतंक से आक्रोशित ग्रामीण व युवक रात भर जागते रहे। हाथियों को आबादी और खेतों से दूर खदेड़ने के लिए युवकों ने बाइक और बुलेट गाड़ियों से शोर मचाया। साथ ही पटाखे छोड़कर उन्हें जंगल की ओर भगाने का प्रयास किया। कई घंटों की मशक्कत के बाद हाथियों को गांव से दूर किया जा सका। ग्रामीणों का कहना है कि टाइगर रिजर्व माला रेंज से सटे इलाकों में इन दिनों जंगली हाथियों का तांडव लगातार जारी है। इससे किसान और ग्रामीण भय के साए में जीने को मजबूर हैं। वन विभाग की गश्त और ठोस व्यवस्था न होने से लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों की निगरानी बढ़ाने और स्थायी समाधान की मांग की है ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। हाथियों की आए दिन की आवाजाही और फसलों के नुकसान की वजह से अब किसानों में वन विभाग के प्रति आक्रोश बढ़ने लगा है।

### भगवा कपड़े पहनकर साधु के भेष में संदिग्ध पुलिस के हत्थे चढ़े



**भिलाई।** जामुल थाना पुलिस ने भगवा कपड़े पहनकर साधु के भेष में घूमने वाले संदिग्ध को पकड़ा। उसके पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान मुस्लिम युवक के रूप में हुई। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक और व्यक्ति को मौर्या टॉकिज के पास से हिरासत में लिया। दोनों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध युवक क्षेत्र में भगवा वस्त्र पहनकर भीख मांग रहा था। स्थानीय लोगों को उसकी हरकतें संदिग्ध लगी। इस पर लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दे दी। थाना लाकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पहले यादव बताया, लेकिन बाद में पूछताछ में उसने अपना नाम हवलदार, पिता का नाम मुस्तफा बताते हुए खुद को मुस्लिम बताया। युवक ने बताया कि उसका सुखराती नाम का दोस्त निगम जोन दफ्तर के पास वाली मजार के पास रुका था।

# इसरो ने लॉन्च किया सैटेलाइट अन्वेषा, मिशन में पीएस 3 स्टेज पर आई तकनीकी खराबी

**श्रीहरिकोटा, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

श्रीहरिकोटा से भारत की अंतरिक्ष यात्रा में एक नया अध्याय जुड़ गया है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने आज PSLV-C62/ईओएस-एन1 मिशन के तहत DRDO द्वारा विकसित अत्यंत गोपनीय hyperspectral निगरानी उपग्रह अन्वेषा का सफल प्रक्षेपण किया है। लेकिन पीएस 3 स्टेज के आखिर में कुछ गड़बड़ी आ गई।



जिसके चलते मिशन फेल हो गया। पीएसएलवी का 64वां मिशन, पीएसएलवी-सी62/ईओएस-एन1, श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 10.18 बजे रवाना हुआ। इस उड़ान में कुल 15 उपग्रह ले जाए गए, जिनमें रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित अन्वेषा नामक एक अत्यंत गोपनीय निगरानी उपग्रह भी शामिल था। इस मिशन की सबसे खास बात यह है कि पहली बार भारतीय निजी अंतरिक्ष क्षेत्र ने इतनी बड़ी भूमिका निभाई है।

यह उपग्रह दुश्मन ठिकानों का सटीक मानचित्रण और उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजिंग में सक्षम है, जो देश की रक्षा क्षमताओं को नई ऊंचाई देगा। PSLV-C62 उपग्रह EOS-N1 और 15 सह-उपग्रहों को ले जा रहा है। इसे सूर्य तुल्यकालिक कक्षा में स्थापित करने की योजना है।

## माघ मेलाः एरावत घाट पर 13 राज्यों के श्रद्धालु करेंगे मौनी अमावस्या का महास्नान, लागू होगा रूट डायवर्जन



**प्रयागराज।** माघ मेला के आगामी प्रमुख स्नान पर्वों मकर संक्रांति और मौनी अमावस्या के लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से मेगा प्लान तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के दूसरे दिन ही विशेष व्यवस्था की जाने लगी है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि विभिन्न राज्यों के श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग घाटों पर स्नान की व्यवस्था होने जा रही है। झूंसी के सेक्टर चार में सबसे बड़ा एरावत स्नान घाट बनाया जा रहा है। यहां पूर्वी उत्तर प्रदेश व बिहार, बंगाल, ओड़िसा, छत्तीसगढ़, झारखंड के साथ पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, त्रिपुरा और सिक्किम के श्रद्धालु पुण्य की डुबकी लगा सकेंगे। मध्य उप्र व पश्चिमी उप्र, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान से आने वाले श्रद्धालुओं को सेक्टर एक, सेक्टर दो व पांच तथा छह के घाटों पर स्नान कराया जाएगा। गुजरात, महाराष्ट्र व दक्षिण भारत के राज्यों के लिए सेक्टर चार व सात के घाट निर्धारित किए जा रहे हैं। पार्किंग स्थलों, बस स्टैंड व रेलवे स्टेशनों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इन घाटों पर जाने के लिए रूट डायवर्ट किया जाएगा, जिससे स्नानार्थी आसानी से मेला क्षेत्र में पहुंच सकें। पार्किंग स्थलों के लिए भी विशेष व्यवस्था होगी। जो वाहन पहले आएंगे, उन्हें मेला क्षेत्र के आसपास की पार्किंग तक जाने दिया जाएगा और जब पास वाली पार्किंग भर जाएंगी तो उनसे दूर की पार्किंग को भरा जाएगा।

# अर्की बाजार में भीषण अग्निकांड सात साल के बच्चे का शव निकाला

## नौ लोगों के फंसे होने की आशंका



**अर्की (सोलन)।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिला के अर्की कस्बे में सोमवार तड़के दिल दहला देने वाली घटना ने सबको झकझोर दिया है। अग्निकांड में एक बच्चे की मौत हो गई है, जबकि कुछ लोगों के अंदर फंसे होने की सूचना है। एसडीआरएफ को बचाव कार्य के लिए बुलाया गया है। मौके पर राहत एवं बचाव कार्य जारी है। प्रियांश नाम के बच्चे की मौत हो गई व दो लोगों को रेस्क्यू किया है। घायलों को सिविल अस्पताल अर्की में उपचाराधीन है। बताया जा रहा है एक पुराना लकड़ी का घर था, जिसमें से चिंगारी भड़की। इसके बाद सिलेंडर फटने से स्थिति बिगड़ गई व सात से आठ घरों को अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर अर्की के विधायक संजय अवस्थी भी बचाव कार्यों पर नजर बनाए हुए हैं।

उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा का कहना है कि सात से आठ घर आग की चपेट में आए हैं। यूको बैंक के पास पुराने बस स्टैंड अर्की में पौने तीन बजे के करीब घरों में भीषण आग लग गई। शिमला के बालूगंज, सोलन के बनलगी, अंबुजा सीमेंट कंपनी से दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग के दौरान घरों में सिलेंडर भी ब्लास्ट हुए हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीमों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया।

# पाकिस्तान ने खटखटाया आईसीसी का दरवाजा बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी के लिए पेश की दावेदारी



**नईदिल्ली 12 जनवरी [एजेंसी]।**

**मुस्तफिजुर रहमान को लेकर भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद अब एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। खबर है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से संपर्क किया है और बांग्लादेश के टी20 वर्ल्ड कप 2026 मैचों की मेजबानी करने की पेशकश की है।**

यह घटना उसके बाद सामने आई जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा कारणों और राष्ट्रीय अपमान का हवाला देते हुए भारत में मैच खेलने से साफ इनकार कर दिया। दरअसल, इस पूरे विवाद की शुरुआत तब हुई जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कथित तौर पर आईपीएल फ्रैंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को मुस्तफिजुर रहमान को उनकी टीम से बाहर करने का निर्देश दिया। मुस्तफिजुर को केकेआर ने 9.2 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के इस खिलाड़ी को रिलीज कर दिया।इस फैसले के पीछे कोई ठोस कारण नहीं दिया गया, जिससे बांग्लादेश में भारी नाराजगी फैल गई। इसके बाद बांग्लादेश ने न केवल आईपीएल के प्रसारण पर प्रतिबंध लगा दिया, बल्कि अपने मैचों को भारत की जगह किसी अन्य वेन्यू पर शिफ्ट करने की मांग रख दी। बांग्लादेश को टी 20 विश्व कप में लीग स्टेज के 4 मैच भारत में खेलने हैं, जिसमें 3 कोलकाता और 1 मुंबई में हैं।

बीसीबी की इस मांग को आईसीसी ने खारिज कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद वह अपनी मांग पर अड़ा है कि सुरक्षा कारणों से बांग्लादेशी प्लेयर को मैच के लिए भारत नहीं भेजा जाएगा। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आईसीसी के सामने प्रस्ताव रखा है कि वह टी20 विश्व कप में बांग्लादेश के मैचों की मेजबानी करने के लिए तैयार है। हालांकि, इसकी संभावना बहुत ही कम है कि आईसीसी पाकिस्तान के प्रस्ताव को स्वीकार करेगी।

### बाप रे बाप ! चांदी ने तोड़े सभी रिकॉर्ड, लगभग 10 हजार की बढ़ोतरी, 2.60 लाख के पार हुई कीमत



**नईदिल्ली।** चांदी में आज जबरदस्त तेजी है। 12 जनवरी, सुबह 10 बजे चांदी ने एमसीएक्स पर अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस समय 1 किलो चांदी में लगभग 10 हजार रुपये की बढ़ोतरी है। एमसीएक्स पर 1 किलो चांदी का भाव 2.60 लाख रुपये के पार पहुंच चुका है। सोने में भी आज अच्छी खासी तेजी है। 10 ग्राम सोने में लगभग 2000 रुपये से ज्यादा की बढ़ोतरी देखी जा रही है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

**डॉ.आर.के.अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

**डॉ.शशि अग्रवाल**
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# ईरान में खामेनेई विरोधी आंदोलन के बीच भारतीय गिरफ्तार? तेहरान ने बता दी सच्चाई

**तेहरान, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

ईरान की जनता सड़कों पर है। खामेनेई सरकार के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन कर रही है। बढ़ती महंगाई, खराब अर्थव्यवस्था और गिरते मुद्रा के स्तर के बाद लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और भारी तादाद में लोग सड़कों पर आकर सरकार विरोधी नारेबाजी कर रहे हैं। सत्ता विरोधी आंदोलन में अब तक 500 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस बीच ईरान में बढ़ती हिंसा को लेकर सोशल मीडिया पर एक खबर तेजी से वायरल हो रही है। इसमें दावा किया गया कि ईरान की पुलिस ने कई भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया




गया है। हालांकि ईरान ने इन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। दरअसल, तेहरान सहित देशभर में फैले आंदोलन के बीच दावा किया गया था कि ईरानी पुलिस ने छह भारतीयों को गिरफ्तार किया है। पोस्ट में दावा किया गया कि ईरानी पुलिस ने 10 अफगान और 6 भारतीय नागरिकों सहित कुछ ईरानी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। जिस पर भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहअली ने भारतीयों की गिरफ्तारी से जुड़ी रिपोर्टों को पूरी तरह झूठा बताया है। भारतीयों को लेकर किए गए दावे के पोस्ट का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया एक्स पर साझा करते हुए ईरानी राजदूत ने कहा कि ईरान में हो रहे घटनाक्रम के बारे में कुछ विदेशी एक्स अकाउंट्स पर जो खबरें फैलाई जा रही हैं, वे पूरी तरह गलत हैं। मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि वे खबरें भरोसेमंद स्रोतों से ही प्राप्त करें। ईरान में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों पर हुई कार्रवाई में कम से कम 544 लोग के मारे जाने की खबर है। एसोसिएटेड प्रेस ने अमेरिका स्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता समाचार एजेंसी के हवाले से बताया कि दो सप्ताह के अधिक समय से चल रहे प्रदर्शनों के दौरान 10,600 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। एजेंसी ने बताया कि मृतकों में 496 प्रदर्शनकारी और 48 सुरक्षा बलों के जवान है। हालांकि ईरान सरकार ने हताहतों की कुल संख्या जारी नहीं की है। वहीं देशभर में इंटरनेट और टेलीफोन सेवाओं पर पाबंदी लगाई गई है। जिससे हालात की स्वतंत्र पुष्टि करना मुश्किल हो गया है।




## जयाकशोरी से मिले जय सिंह

**कोरबा** । विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक प्रवक्ता एवं कथावाथक जयाकिशोरी का बिलासपुर में श्री प्रेम सेवा परिवार द्वारा आयोजित नानीबाई का मायरा 3 दिवसीय कथा का दिव्य आयोजन कराया जा रहा है । कथा के दूसरे दिन 10 जनवरी शनिवार को जयाकिशोरी से मिलने पहुंचे कांग्रेस नेता पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने साल श्रीफल भेंटकर मुलाकात की और व्यासपीठ पर विराजित विश्वविख्यात आध्यात्मिक प्रवक्ता जयाकिशोरी के श्रीमुख से भक्ति रस कथा का रसास्वादन किया । इस मौके पर पूर्व उप मुख्य मंत्री टी एस सिंहदेव केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहु, अशोक अग्रवाल, विजय केसरवानी, सुद्धांशु मिश्रा ने भी जयाकिशोरी से भेंटकर आशीर्वाद लिया ।

## रेलवे स्टेशन की सेकेंड एंट्री बंद

**कोरबा** । कोरबा रेलवे स्टेशन की सेकेंड एंट्री को रेलवे ने बंद कर दिया है। फुट ओवरब्रिज के क्षतिग्रस्त होने के कारण यह कदम उठाया गया है। प्रवेश द्वार पर मरम्मत कार्य जारी होने का बोर्ड लगा दिया गया है, जिससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। वाहन स्टैंड के एक कर्मचारी ने बताया कि सेकेंड एंट्री के फुट ओवरब्रिज के नीचे कोयला साइडिंग में चलने वाले वाहनों में से किसी एक ने पुल को टक्कर मार दी थी, जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों को जानकारी मिलने के बाद रास्ता बंद कर दिया गया। किसी और दुर्घटना से बचने के लिए फुट ओवरब्रिज के नीचे लोहे के एंगल भी लगाए गए हैं। उल्लेखनीय हैं कि रेलवे स्टेशन की सेकेंड एंट्री के पास एसईसीएल का कोयला साइडिंग है। यहां खदानों से कोयला लाकर डंप किया जाता है और फिर लोडर की मदद से मालगाड़ियों में भरकर आगे भेजा जाता है। रेलवे अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि मरम्मत कार्य पूर्ण होने तक सेकेंड एंट्री बंद रहेगी। वाहन स्टैंड पर खड़ी गाड़ियों को पर्ची दिखाकर ही बाहर निकाला जा सकेगा। कोरबा के सहायक रेलवे प्रबंधक (एआरएम) ने बताया कि सेकेंड एंट्री के फुट ओवरब्रिज के कुछ हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए थे। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए इसे कुछ दिनों के लिए बंद कर दिया गया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन, नेचुरल थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन

**कोरबा** । जैन मिलन समिति एवं सकल जैन समाज कोरबा के सौजन्य से बुधवारी बाजार स्थित दिगंबर जैन मंदिर में एक एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन, नेचुरल थेरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 12 से 17 जनवरी तक आयोजित है। जिसमें एक्यूप्रेशर रिसर्च ट्रेनिंग ट्रीटमेंट संस्थान जोधपुर (राजस्थान) के थैरेपिस्ट डॉक्टर मुकेश चौधरी एवं थैरेपिस्ट डॉक्टर गुरप्रीत सिंह विशेषज्ञ एवं उनकी टीम रहेगी।

जिनके द्वारा बिना औषधि के घुटनों का दर्द, मोटापा, ब्लडप्रेशर, शुगर, गैस, कब्ज, सर्वाइकल दर्द, कमर दर्द, जोड़ों का दर्द, पुराना सिरदर्द, साइटिका, आंख, कान, नाक, गले का रोग, लंबाई बढ़ाना, लकवा, मस्सा, बवासीर, डिप्रेशन, मानसिक तनाव हाथ पैरों में झुनझुनी होना आदि अनेक रोगों का इलाज बिना दवाई के द्वारा एक्यूप्रेशर, सुजोक, वाइब्रेशन थेरेपी से किया जाएगा। चिकित्सा शिविर का समय सुबह 8:00 बजे से 12:00 बजे तक एवं शाम को 4:00 बजे से 8:00 बजे तक रहेगा। जिसमें मरीज पर रोज 15 से 20 मिनट इलाज किया जाएगा। इस एक्यूप्रेशर की 6 दिन की रजिस्ट्रेशन फीस 150 रुपए एक बार लगेगी एवं चिकित्सा 6 दिन तक नि:शुल्क रहेगी।

उक्त शिविर के आयोजनकर्ता जैन मिलन समिति कोरबा के डॉक्टर प्रदीप जैन, डॉक्टर प्रिंस जैन, ओमप्रकाश जैन, मुकलेश जैन, मनीष जैन, प्रमोद जैन, दिनेश जैन, आशीष जैन, दीपांशु जैन एवं दीपेश जैन रहेंगे। उक्त समस्त जानकारी जैन मिलन समिति के संयुक्त सचिव एवं मीडिया प्रभारी दिनेश जैन ने दी।

## रेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर रेल संघर्ष समिति ने सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत को सौंपा ज्ञापन

**कोरबा** । कोरबा क्षेत्र में रेल सुविधाओं की कमी को लेकर रेल संघर्ष समिति कोरबा ने कोरबा लोकसभा क्षेत्र सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत को ज्ञापन सौंपते हुए रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग की है। समिति ने कहा कि कोरबा और आसपास के क्षेत्रों में लंबी दूरी की ट्रेनों की भारी कमी है, जिससे यात्रियों को व्यापार, रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रेल संघर्ष समिति ने अपने ज्ञापन में कहा कि पर्याप्त रेल कनेक्टिविटी नहीं होने के कारण कोरबा के बाजार, व्यापार और औद्योगिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। परिवहन सुविधाओं के अभाव में व्यापारी, उद्योगपति और निवेशक यहां निवेश करने से हिचक रहे हैं, जिससे क्षेत्र की प्रगति बाधित हो रही है। समिति ने सांसद श्रीमती महंत से आग्रह किया है कि वे इस गंभीर विषय को रेल मंत्रालय और दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे के समक्ष उठाकर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में कोरबा में पिट लाइन को तत्काल शुरू करने, जबलपुर-रायपुर मूकमाटी एक्सप्रेस (11701/11702) को कोरबा तक विस्तार देने, तिरुपति-बिलासपुर एक्सप्रेस (17841/17842) को कोरबा तक बढ़ाने की मांग शामिल है। इसके अलावा भोपाल-बिलासपुर पैसेंजर ट्रेन (18235/18236) को कोरबा से चलाने, हसदेव एक्सप्रेस (18249/18250/18251/18252) को दुर्ग तक विस्तार देने की भी मांग रखी गई है, जिससे यात्रियों और छात्रों को सीधा लाभ मिल सके और ट्रेनों के रखरखाव में भी सुविधा हो।

## नीलेश गुप्ता बने अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य सभा छत्तीसगढ़ के नए प्रदेश अध्यक्ष

**कोरबा** । अखिल भारतीय केशरवानी वैश्य सभा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष पद हेतु बहुप्रतीक्षित चुनाव रविवार को भटगांव में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। कलकत्ता से विशेष रूप से पधारे चुनाव पर्यवेक्षक अभिषेक केशरी की सूक्ष्म देखरेख में मतदान की प्रक्रिया पूरी की गई। इस चुनावी मुकाबले में वर्तमान प्रदेश महामंत्री नीलेश गुप्ता कोरबा ने अपने प्रतिद्वंद्वी को 24 मतों से पराजित कर प्रदेश अध्यक्ष के पद पर कब्जा जमाया।

निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, संगठन के कुल 276 मतदाताओं में से 224 सदस्यों ने मतदान में हिस्सा लिया। गिनती के दौरान एक मत (वोट) रिजेक्ट पाया गया। नीलेश गुप्ता को कुल 124 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी प्रदीप गुप्ता को 100 मतों से संतोष करना पड़ा। 24 वोटों के अंतर से नीलेश गुप्ता को विजयी घोषित किया गया।

### जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रही है सरकार*

# प्राचीन संस्कृति और परम्पराओं को सहेजने का कार्य कर रहा है जनजातीय समाजः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### आईटीआई चौक से बालको मार्ग को 'जनजातीय गौरव पथ' बनाने और महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करने की घोषणा







**कोरबा** । महर्षि वाल्मीकि आश्रम, आईटीआई रामपुर में आयोजित गौरा पूजा महोत्सव एवं बैगा पुजेरी सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। उन्होंने गौरा-गौरी पूजन तथा बैगा पुजारी सम्मेलन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आदिवासी समाज का अपना गौरवशाली इतिहास, विशिष्ट संस्कृति और परम्पराएं हैं। बैगा और पुजेरी समाज आज भी इन परम्पराओं के संरक्षण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण इसलिए किया ताकि यहां की सर्वाधिक जनसंख्या वाले आदिवासी समाज को विकास की मुख्य धारा में आगे बढ़ाया जा सके। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय समाज का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए 15 नवंबर शहीद बिरसामुंडा जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित करते हुए धरती आबा उत्कर्ष योजना प्रारंभ की। इसके अलावा पीएम जनमन योजना के माध्यम से विशेष पिछड़ी जनजातियों को विकास के दायरे में लाने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय है कि आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आदिवासी समाज की बेटी, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू आसीन हैं और छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री भी एक साधारण किसान परिवार से आने वाला आदिवासी समाज का बेटा है।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना के लिए 80 हजार करोड़ रुपये तथा पीएम जनमन योजना के लिए 24 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे छत्तीसगढ़ के 6,691 गांव लाभान्वित हो रहे हैं। पहाड़ी कोरवा, बिरहोर सहित अन्य पीवीटीजी समुदायों के उत्थान के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। आदिवासी अंचलों में सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य में प्राधिकरण का गठन कर आदिवासी एवं पिछड़े क्षेत्रों में विकास कार्यों को और अधिक गति दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यक्रम में शामिल होकर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने स्वयं भी इस संगठन में कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज आदि-अनादि काल से भगवान गौरा-गौरी के रूप में शिव-पार्वती के उपासक रहा है। समाज के महापुरुषों के योगदान को याद करने, उनकी स्मृतियों को संजोने और नई पीढ़ी को उनके बारे में जानकारी देने हेतु नवा रायपुर में विशाल डिजिटल जनजातीय संग्रहालय स्थापित किया गया है, जिसमें महापुरुषों की गाथाओं का सचित्र वर्णन है।

उन्होंने बताया कि जनजातीय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु बैगा, गुनिया और सिरहा को प्रतिवर्ष 5,000 रुपये की सम्मान निधि प्रदान की जाएगी। सरना स्थलों का संरक्षण किया जाएगा, जो सांस्कृतिक धरोहर के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में भी महत्त्वपूर्ण कदम साबित होगा।सम्मेलन को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि गांव-गांव में आज भी गौरा-गौरी पूजा आस्था का प्रमुख केंद्र है। बैगा पारंपरिक धार्मिक गतिविधियों के संवाहक हैं। उन्होंने बताया कि जिले में अनेक प्राचीन देवी-देवताओं के स्थल हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री श्री साय के मार्गदर्शन में विकसित कर पर्यटन के रूप में पहचान दिलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी विकसित भारत का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं, उसी प्रकार मुख्यमंत्री श्री साय विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में तेजी से काम कर रहे हैं। उन्होंने आईटीआई चौक से बालको मार्ग को 'जनजातीय गौरव पथ' नाम देने और महापुरुषों की प्रतिमाएं स्थापित करने की मांग भी रखी।

कार्यक्रम में कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल, वनवासी कल्याण आश्रम के पदाधिकारी श्री पनतराम भगत एवं श्री बीरबल सिंह ने भी संबोधन दिया। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पूर्व गृहमंत्री श्री ननकीराम कंवर, पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर श्री संजीव शुक्ला, कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, एसपी श्री सिद्धार्थ तिवारी, वनवासी कल्याण आश्रम के जिला अध्यक्ष श्री रघुराज सिंह उइके श्री गोपाल मोदी सहित जनप्रतिनिधिगण और समाजजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने जनजातीय गौरव पथ की घोषणा की

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आईटीआई चौक से बालको रोड का नाम 'जनजातीय गौरव पथ' करने की घोषणा की। उन्होंने इस मार्ग के प्रारंभिक बिंदु पर जनजातीय महापुरुषों की विवरण सहित प्रतिमाएं स्थापित करने की भी घोषणा की।

## सीएम ने गौरा-गौरी की पूजा कर प्रदेशवासियों के खुशहाली की कामना की

**कोरबा** । मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कोरबा नगर के पावन महर्षि वाल्मीकि आश्रम में भगवान शिव और माता पार्वती के प्रति आस्था के प्रतीक गौरा-गौरी की विधिवत पूजा-अर्चना की। साथ ही उन्होंने आश्रम परिसर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की मूर्तियों की भी श्रद्धापूर्वक पूजा की। इस अवसर पर सीएम श्री साय ने प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।तथा कहा कि यह पावन स्थल हमारी सनातन संस्कृति, आस्था और मूल्यों का प्रतीक है, जो समाज में शांति, सद्भाव और एकता का संदेश देता है।मुख्यमंत्री श्री साय ने वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न की। उन्होंने कहा कि गौरा-गौरी पूजा छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं का प्रतीक है। भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना से जनकल्याण, प्राकृतिक संतुलन और सामाजिक समरसता का मार्ग प्रशस्त होता है।इस अवसर पर वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी, सार्वजिनक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, कटघोरा विधायक श्री प्रेमचंद पटेल, नगर निगम महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, पूर्व गृह मंत्री श्री ननकी राम कंवर, आईजी डॉक्टर संजीव शुक्ला, कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, एसपी श्री सिद्धार्थ तिवारी, अपर कलेक्टर श्री देवेंद्र पटेल, श्री गोपाल मोदी, श्री पनत राम भगत, श्री बीरबल सिंह, श्री रघुराज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में जनजाति समुदाय के लोग उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कोरबा आगमन हेलीपेड पर हुआ आत्मीय स्वागत

**कोरबा** । प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज एक दिवसीय प्रवास पर कोरबा जिले के पुलिस ग्राउंड स्थित हेलीपेड पर पहुंचे। उनके आगमन पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर गरिमामय एवं आत्मीय स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री श्री साय के हेलीपेड पहुंचने पर उद्योग, वाणिज्य, श्रम एवं आबकारी मंत्री श्री लखन लाल देवांगन, कटघोरा विधानसभा के विधायक श्री प्रेमचंद पटेल, पूर्व गृह मंत्री श्री ननकी राम कंवर, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, बिलासपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री संजीव शुक्ला, कोरबा कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक अभिनंदन किया।इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से आत्मीय मुलाकात करते हुए क्षेत्र के विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की और उपस्थित जनसमूह का अभिवादन स्वीकार किया।



## रेलवे लाइनों के आसपास पतंगबाजी ना करने रेलवे विभाग ने की अपील

**कोरबा** । दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत शत-प्रतिशत रेल परिचालन 25,000 वोल्ट की हाई वोल्टेज विद्युत ओवरहेड तारों के माध्यम से किया जाता है। इन विद्युत तारों में 24 घंटे निरंतर विद्युत प्रवाह बना रहता है, जिससे किसी भी प्रकार की असावधानी जानलेवा साबित हो सकती है। रेलवे प्रशासन आमजन को सचेत किया है कि यदि पतंग का मांझा (विशेषकर गीला, धातुयुक्त अथवा सिंथेटिक मांझा) इन हाई वोल्टेज विद्युत तारों में उलझ जाता है, तो विद्युत करंट सीधे पतंग उड़ाने वाले व्यक्ति तक पहुंच सकता है, जिससे गंभीर दुर्घटना या जनहानि की आशंका रहती है। मंडल रेल प्रशासन विशेष रूप से मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर सभी नागरिकों से अपील किया है कि रेलवे लाइनों, स्टेशन परिसरों एवं ओवरहेड विद्युत तारों के आसपास पतंगबाजी से पूर्णत: परहेज करें। यह न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए आवश्यक है

## एएसआई कुर्रे किए गए लाइन अटैच

**कोरबा** । किशोरी के अपहरण के मामले में कथित आरोपी से वसूली की शिकायत के बाद कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने पसान थाना के एएसआई लक्ष्मी प्रसाद कुर्रे को पुलिस पुलिस लाइन भेजा है। इसके साथ ही तीन प्रधान आरक्षक व एक महिला आरक्षक का भी तबादला किया गया है। जिसमें प्रधान आरक्षक धनंजय तिवारी को चौकी मोरगा से थाना सिविल लाइन, शैलेन्द्र भोसले को थाना पसान से चौकी मोरगा, जय प्रकाश यादव को पुलिस लाइन से थाना उरगा पदस्थ किया गया है। इसी तरह महिला आरक्षक अनुराधा कंवर को थाना श्यांग से पुलिस लाइन में अस्थाई तौर पर पदस्थ किया गया है।

## हड़ताली कर्मियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्यवाही

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी छत्तीसगढ़ विद्युत संविदा कर्मचारी संघ द्वारा 12 से 14 जनवरी तक तीन दिवसीय सांकेतिक काम बंद हड़ताल को प्रतिबंधित किया गया है। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन राजेंद्र प्रसाद ने हड़ताल को लेकर पत्र जारी कर सांकेतिक हड़ताल को प्रतिबंधित किया है। उक्त पत्र में कहा गया है कि संविदा कर्मचारी अपनी सेवा शर्तों के अनुसार छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 से शासित एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम 1968 के अंतर्गत नियंत्रित हैं। उक्त नियमों के विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत प्रदर्शन तथा हड़ताल और स्वीकृत होने के पूर्व अवकाश पर प्रस्थान करना कर्मचारियों के लिए प्रतिबंधित है और ऐसे कृत कदाचरण की श्रेणी में आते हैं। पत्र में आगे कहा गया है कि कर्मचारियों द्वारा ऐसे कृत किए जाने पर वे अनुशासनात्मक कार्रवाई के पात्र होंगे। पॉवर कंपनी द्वारा जारी पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि विद्युत सेवा अत्यावश्यक सेवा में शामिल है और कार्य की निरंतरता को बनाए रखने एवं अपने कार्य क्षेत्र के अधीन शांति व सुरक्षा बनाए रखने हेतु प्रस्तावित सांकेतिक हड़ताल की तिथियां में कार्य पर अनुपस्थित होने वाले कर्मियों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने याद किया पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री को

**कोरबा** । शास्त्री जी सच्चे गांधीवादी थे जिन्होने अपना सारा जीवन सादगी से बिताया और गरीबों की सेवा में लगाया । उक्त कथन नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत ने गांधी चौक कोरबा में आयोजित भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के पुण्यतिथि कार्यक्रम में व्यक्त किया। डॉ. महंत ने बताया कि भारत के दुसरे प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के दौरान कई बार जेल जाना पड़ा था। श्री शास्त्री, नेहरू जी के मंत्री मण्डल में गृहमंत्री के प्रमुख पद पर भी रहे और नेहरू जी के निधन पश्चात् भारत के प्रधानमंत्री भी बने।सांसद श्रीमती ज्?योत?सना महंत ने अपने उद्बोधन में बताया कि 8 अगस्त 1942 की रात गांधी जी ने अंग्रेजों को भारत छोड़ो और भारतीयों को करो या मरो का नारा दिया जिसे 9 अगस्त 1942 के दिन शास्त्री जी ने इलाहाबाद पहुंचकर इस आंदोलन के गांधीवादी नारे को चतुराई पूर्वक मरो नही मारो में बदल दिया और अप्रत्याशित रूप से क्रांति की दावानल को पूरे देश में प्रचण्ड रूप दे दिया। 11 दिनों बाद 19 अगस्त 1942 को शास्त्री जी गिरफ्तार हो गये थे।पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में स्व. लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए कहा कि शास्त्री जी का राजनैतिक क्रियाकलाप सैद्धांतिक के साथ-साथ पूर्णत: व्यवहारिक और जनता की आवश्यकताओं के अनुरूप था। शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। इस नारा ने भारत के किसानों और जनता का मनोबल बढ़ाया और सारा देश एकजूट हो गया।पूर्व विधायक मोहित केरकट्टा ने स्व. लाल बहादुर शास्त्री के



जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शास्त्री जी को उनकी सादगी, देशभक्ति और ईमानदारी के लिए आज भी पूरा भारत देश श्रद्धापूर्वक याद करता है। शास्त्री जी को भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। पूर्व विधायक पुरूषोत्तम कंवर ने बताया कि शास्त्री जी के सादगी व साफ सुथरी छवि के कारण उन्हे देश का प्रधानमंत्री पद के निर्वहन करने का दायित्व प्राप्त हुआ। शास्त्री जी कहा करते थे अपने देश की आजादी की रक्षा करना केवल सैनिकों का काम नहीं है बल्कि ये पूरे देश का कर्तव्य है।जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर ने अपने विचार रखते हुए बताया कि शास्त्री जी शांतिपूर्ण विकास में विश्वास रखते थे और देश के प्रति निष्ठा को ही पूर्ण निष्ठा मानते मनोज चौहान ने कहा कि शास्त्री जी का मानना था कि लोगों को सच्चा लोकतांत्रिक या स्वराज कभी भी असत्य और हिंसा से प्राप्त नहीं हो कार्यक्रम के प्रारंभ में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लालबहादुर शास्त्री जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया । इस मौके पर पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद, हरीश परसाई, श्रीमती कुसुम द्विवेदी, सपना चौहान, श्याम सुंदर सोनी, मुकेश राठौर, मनोज चौहान, मो.शाहिद, दुष्यंत शर्मा, संतोष राठौर, मनीष शर्मा, रवि चंदेल, नारायण कुर्रे, बद्री किरण, पुष्पा पात्रे, शांता मंडावे, संगीता श्रीवास, द्रोपती तिवारी, दिनेश सोनी, कुंजबिहारी साहु, रवि खुंटे, विजय आनंद, विजय आदिले, अविनाश बंजारे, अनुज जायसवाल, सुखसागर निर्मलकर, डॉ.गोपाल कुर्रे, डॉ.रामगोपाल यादव, मनकराम साहु आदि ने शास्त्री जी के जीवनी पर प्रकाश डाला और उनके बताये राह पर चलते हुए देश की सेवा करते रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने शास्त्री जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया और उन्हे श्रद्धा सुमन श्रद्धांजली दी गई।

## जीरो प्रगति पर 9 कर्मचारियों के वेतन आहरण रोकने निर्देश जारी

**कोरबा** । कोरबा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश कुमार नाग ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत संचालित आवास निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा करी। समीक्षा के दौरान शून्य प्रगति एवं लापरवाही पाए जाने पर सीईओ ने सख्त रुख अपनाते हुए 9 संबंधित कर्मचारियों के वेतन आहरण पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही समीक्षा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए 7 ग्राम सचिव एवं 11 रोजगार सहायकों सहित कुल 18 कर्मचारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। सीईओ श्री नाग ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली एवं महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका उद्देश्य पात्र ग्रामीण परिवारों को समय-सीमा के भीतर पक्का आवास उपलब्ध कराना है। योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही अथवा उदासीनता किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि जनपद पंचायत कोरबा की 9 ग्राम पंचायतों में आवास निर्माण की प्रगति पूर्णत: शून्य है। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीईओ ने संबंधित पंचायतों के नोडल अधिकारी, तकनीकी सहायक, पंचायत सचिव एवं रोजगार सहायकों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिए। सीईओ ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सचेत करते हुए कहा कि आगामी समीक्षा बैठक में यदि संतोषजनक प्रगति नहीं पाई गई, तो और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## वैष्णवी महिला सेवा समिति ने नवधा भक्ति का उदाहरण किया प्रस्तुत



**चांपा।** ग्राम पंचायत अवरीद के रामसप्ताह चौक मे वैष्णवी महिला ग्राम सेवा समिति द्वारा आयोजित नवधा रामायण मे शामिल हुये जिलाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा नरेन्द्र कौशिक ने कहा ये धरती भगवान श्री श्रीराम एवं ऋषी मुनियों की है,श्री राम दुनिया के सबसे बड़े संगठन कर्ता है,वे मनुष्य को ही नही बल्कि पशु पक्षी को भी संगठित किया,संगठित रहने से बड़े से बड़े कार्य भी सहज किया जा सकता है।यह आयोजन जो नौ दिनों तक निरन्तर चलने वाले है,जिसे ग्राम के महिलाओं द्वारा आयोजित किया गया है।यह कोई छोटा आयोजन नही है।ऐसे आयोजन करने वाले महिलायें धन्यवाद के पात्र है।भगवान राम की संध्या आरती मे आचार्य लोमश चौबे,सरपंच श्रीमती गीता श्याम धीवर, दाऊ राम कश्यप,रामआसरे कश्यप, राजू सिंह,बलराम धीवर,गोपाल धीवर, रामपाल धीवर, सुरेश धीवर,गोवर्धन साहू,भीषम दास, भागवत यादव,कमलेश कश्यप,बनवारीलाल कश्यप,आयोजन समिति के महिलाये सदस्य एवं ग्राम के भक्तजन अधिक संख्या मे उपस्थित रहें ।

## ईश्वरी यादव की पुस्तक स्तोत्रावली का विमोचन आज

**जांजगीर चांपा।** अंचल के वरिष्ठ साहित्यकार ईश्वरी प्रसाद यादव की पुस्तक स्तोत्रावली का विमोचन दिनांक- 11 जनवरी 2026 दिन - रविवार को सायंकाल -4 बजे से नरेंद्र श्रीवास्तव सभागार, शील



साहित्य परिषद ,जांजगीर में स्वामी अग्निशिखा महाराज के मुख्य आतिथ्य, बलदाऊ प्रसाद पाण्डेय पूर्व प्राचार्य जांजगीर एवं महेश कुमार शर्मा वरिष्ठ साहित्यकार ,रायपुर के विशिष्ट आतिथ्य तथा विजय कुमार दुबे अध्यक्ष - शील साहित्य परिषद की अध्यक्षता में आयोजित है। पुस्तक स्तोत्रावली में 26 हिन्दू देवी - देवताओं के स्तोत्र भिन्न -भिन्न छंदों में संकलित किए गए हैं। संस्कृत में सर्वाधिक प्रचलित छंदों में लिखे गए इन स्तोत्रों को गेय , वाचनीय व ग्रहणीय बनाने का प्रयास किया गया है । ईश्वरी प्रसाद यादव की यह रचना साहित्य के क्षेत्र में खासकर संस्कृत भाषा में अतुलनीय कृति होगी जिसमें गायत्री स्तुति से शुरुआत कर श्री राधा स्तुति छंद शिखरिणी में समाप्त की गई है। कुल 17 देवी - देवताओं की स्तुति व भारत -माता वंदना इसमें शामिल है । शील साहित्य परिषद जांजगीर के सचिव विजय राठौर ने साहित्य प्रेमी एवं आम जनता से पुस्तक - विमोचन समारोह में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

## ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पालक-शिक्षक सम्मेलन का सफल आयोजन




**जांजगीर नैला।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में पालक-शिक्षक सम्मेलन (क्क्षरू) आयोजित किया गया। इस अवसर पर पालकों के स्वागत हेतु छात्र-छात्राओं द्वारा विद्यालय परिसर में सुंदर एवं आकर्षक रंगोलियाँ बनाई गईं। रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने अतिथियों के प्रति सम्मान एवं उत्साह का प्रदर्शन किया, जिससे विद्यालय परिसर में उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा।दिनांक 10 जनवरी 2026 को आयोजित इस बैठक में नर्सरी से लेकर कक्षा बारहवीं हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम तक के सभी विद्यार्थियों के पालक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति से पालकों को अवगत कराना तथा विद्यालय एवं पालकों के बीच आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना था।बैठक के दौरान पालकों को बच्चों की प्रगति , पढ़ाई में कमियाँ, अनुशासन, नियमितता एवं व्यवहार की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास, शैक्षणिक सुधार तथा भविष्य की योजना पर उपयोगी सुझाव प्रदान किए।इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की सक्रिय, पूर्ण एवं सराहनीय भागीदारी रही। प्रत्येक शिक्षक ने पालकों से सीधे संवाद कर विद्यार्थियों की स्थिति स्पष्ट की तथा उनके प्रश्नों का समाधान किया।यह सम्पूर्ण कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्राचार्य महोदय ने अपने उद्बोधन में पालक-शिक्षक सहभागिता को बच्चों की सफलता की कुंजी बताया।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से सभी पालकों को उपहार एवं शुद्ध पेयजल प्रदान कर ससम्मान विदा किया गया। पालकों ने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

# जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत एक दिवसीय उपवास रखकर किया प्रदर्शन

**जांजगीर चांपा/ सक्ती ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उपवास प्रारंभ किया गया। उपवास प्रदर्शन जांजगीर के बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा प्रांगण में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त कार्यक्रम के समन्वयक विजय केशरवानी, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा और श्रीमती मंजू सिंह सहित भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने केंद्र सरकार पर मनरेगा योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा ग्रामीण गरीबों के लिए रोजगार की एक महत्वपूर्ण जीवनरेखा है। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मनरेगा के बजट में की जा रही कटौती को तुरंत बंद किया जाए। साथ ही, मजदूरों को समय पर और पूरा भुगतान सुनिश्चित करने की अपील भी की गई।

सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मनरेगा को बचाने का संकल्प लिया और केंद्र के मोदी सरकार से जनहित में आवश्यक निर्णय नहीं लेने का



विरोध किया।

डॉ महन्त ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा में बदलाव को लेकर कहा कि केंद्र सरकार मनरेगा से गरीबों के लिए जीवनरेखा साबित हुई भाजपा सरकार योजना को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की तैयारी कर चुकी है। इसके विरोध में कांग्रेस आगामी दिनों में चरणबद्ध आंदोलन करेगी। उन्होंने ने कहा गरीबों को रोजगार दिलाने के लिए मनरेगा जीवनदायनी योजना थी और केंद्रीय कानून था, जिसके तहत मजदूरी की 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार वहन करती थी। परन्तु अब भाजपा सरकार इसे बदलकर केंद्र और राज्य का हिस्सा 60ऱ40 करना चाहती है। इतना ही नहीं, अब पहले राज्य सरकार को 50 प्रतिशत राशि मैचिंग ग्रांट के रूप में जमा करना होगा, उसके बाद ही केंद्र सरकार अपनी हिस्सेदारी जारी करेगी। उन्होंने कहा कि राज्यों की वित्तीय स्थिति किसी से छिपी नहीं है, ऐसे में यह व्यवस्था मनरेगा को धीरे-धीरे खत्म करने का रास्ता है।विधायक उमेश पटेल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार राज्य को लगभग 50 हजार करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डालना चाहती है। स्वाभाविक है कि राज्य सरकारें खर्च से बचने के लिए काम ही देना बंद कर देंगी और गरीबों को मनरेगा के तहत मिलने वाला काम केवल मनरेगा योजना कागजों तक सिमट जाएगा। विधायक रामकुमार यादव ने कहा कि मनरेगा योजना देश के सबसे गरीब और वंचित वर्ग के लिए रोजगार का सबसे बड़ा सहारा रही है। कोरोना महामारी जैसे संकट काल में इस योजना से करोड़ों मजदूरों का आजीविका का साधन था परंतु 60 40ऋ योजना लाकर इस योजना को कमजोर करने का कार्य शुरू कर दिया है सीधे-सीधे गरीब जो गरीब मजदूरों के खिलाफ है।उन्होंने 100 दिन से 125 दिन काम देने के दावे को भी वादा खिलाफी वादा बताया क्योंकि भाजपा सरकार द्वारा कई वादे किए गए परंतु आज तक पूरे नहीं किए गए इसी तरह इस योजना में भी 125 दिन का और 15 दिन पर भुगतान की जो बात कहा जा रहा है जिला कॉग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रश्मि गवेल ने कहा कि यह केवल झूठा वादा कर गरीबों के साथ मजाक बनाने का कार्यकर रही है उमेश ने कहा छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार आने के बाद से लगभग 70 प्रतिशत गांवों में अघोषित रूप से काम नहीं दिया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर भी पिछले 11 वर्षों में मोदी सरकार के कार्यकाल के दौरान मनरेगा के तहत औसतन सिर्फ 38 दिन का ही काम मिला है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब 100 दिन का काम कभी दिया ही नहीं गया, तो 125 दिन का दावा किस आधार पर किया जाएगा मनरेगा में काम नहीं मिलने से पलायन की स्थिति बढ़ जाएगी और गरीबों को काम नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाएगी ।

उपवास कार्यक्रम में पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष रमेश पैगवार, प्रदेश सचिव गिरधारी यादव, रफीक सिद्दीकी, शिशिर द्विवेदी, मदनलाल अग्रवाल, नागेंद्र गुप्ता, किशन सोनी, संदीप यादव, ब्लॉक अध्यक्षगण सुनील साधवानी, रविंद्र शर्मा, चिंताराम राठौर, नवल सिंह ठाकुर, गोविंद कश्यप, शत्रुघ्न दास महंत, महेश्वर टंडन, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, ज्योति किशन कश्यप, पूर्व नपा अध्यक्ष भगवान दास गढ़ेवाल, उत्तम पाटले, सेवादल जिला अध्यक्ष देव पाण्डेय, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष पंकज शुक्ला, राघवेंद्र प्रताप सिंह, नेता विपक्ष प्रिंस शर्मा, हरीश पाण्डेय, ऋषिकेश उपाध्याय, रामबिलास राठौर, शाश्वत दीवान, पार्षद विष्णु यादव, भूपेंद्र चंद्रा, व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष राज अग्रवाल, आकाश तिवारी, परमेश्वर निर्मले, मुस्कान परवीन, राधेलाल थवाईत, अंजलि देवांगन, तमेंद्र देवांगन, पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्गा कुर्रे, ललित देवांगन, पवन साहू, राज सरोज, अनीता प्रकाश, डुग्गू प्रधान, सेवकलाल देवांगन, गोविंदा वैष्णव, सुमित दास, विष्णु प्रसाद, गौरव सिंह, अनिल राठौर, प्रमेंद्र यादव, घनश्याम साहू, अशोक यादव, नरेंद्र खरे, मानिक मसीह, गार्गी तिवारी, महेश खरे, शशिकांत बनाफर, कविता देवांगन, श्याम बाई, अतीक कुरैशी, प्रदीप यादव, अमन अग्रवाल, शेषनाथ टंडन, चंद्र कुमार ओग्रे, विनय प्रकाश, बबला तिवारी, रफीक खान, दिनेश महंत, सत्यनारायण सर्वे, राजकुमार चंद्रा, कृष्ण प्रजापति, अजय शशि जगत, ओमप्रकाश साहू, सुधांशु तिवारी, दीपक श्रीवास, नवल किशोर सिंह, पवन साहू, पवन चौहान, कमल वैष्णव, धनंजय कर्ष, हरदेव चौहान, दिनेश मिरि सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे ।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल, चांपा में कैरियर ब्लूम स्कूल कनेक्ट के तहत भव्य कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन

### छात्रों को मिला भविष्य का रोडमैप,अभिभावकों की शंकाओं का समाधान



**जांजगीर चांपा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, चांपा में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्राचार्या श्रीमती कल्पना सिंह के कुशल निर्देशन में 10 जनवरी को कैरियर ब्लूम स्कूल कनेक्ट कार्यक्रम के अंतर्गत एक भव्य एवं प्रेरणादायक कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित यह सत्र दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक चला, जिसमें कक्षा 11 वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के साथ-साथ सैकड़ों अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बोर्ड परीक्षा के उपरांत छात्रों के मन में कैरियर को लेकर उत्पन्न होने वाली शंकाओं का समाधान करना तथा उन्हें वर्ष 2026 के उभरते हुए कैरियर विकल्पों से अवगत कराना था। सत्र की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुई. जहाँ विद्यालय के समस्त शिक्षकों ने कैरियर ब्लूम की टीम का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों से आए विशेषज्ञ काउंसलरों ने मार्गदर्शन प्रदान किया। मैट्स यूनिवर्सिटी से घनश्याम साकार एवं सृष्टि मिंज, अंजनेया यूनिवर्सिटी से अंकित शुक्ला एवं कार्तिक पंडा, के. के. मोदी यूनिवर्सिटी से धनसाय कुर्रे जूम अब्रॉड से कार्तिक राव तथा आई.टी.एम. से मो. फैजल खान ने छात्रों को कैरियर से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। कैरियर ब्लूम की ओर से कोऑर्डिनेटर शोभित श्रीवास्तव ने पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्या श्रीमती कल्पना सिंह तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम देवांगन जी रहे। अपने उद्बोधन में प्राचार्या ने कहा कि %आज का विद्यार्थी केवल अंकों से नहीं, बल्कि सही मार्गदर्शन और कौशल के बल पर ही भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकता है।卐 मुख्य वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि 12वीं के बाद का समय जीवन का सबसे निर्णायक मोड़ होता है। सही समय पर सही जानकारी और मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है। विशेषज्ञों ने बताया कि पारंपरिक विकल्पों जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल के साथ-साथ अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉकचेन, क्रिएटिव डिजाइन और गेम डेवलपमेंट जैसे क्षेत्र तेजी से उभर रहे हैं। मैनेजमेंट और कॉमर्स के क्षेत्र में डिजिटल मार्केटिंग, ई-कॉमर्स और फिनटेक में उपलब्ध अवसरों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही छात्रों को यह समझाया गया कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल डिग्री पर्याप्त नहीं, बल्कि स्किल आधारित कोर्स और व्यावहारिक दक्षता भी उतनी ही आवश्यक है। सत्र के दूसरे भाग में प्रश्नोत्तर कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहाँ छात्रों ने सीयूईटी, जेईई, एनआईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, बैकअप कैरियर विकल्प और तनाव प्रबंधन से जुड़े सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने साइकोमेट्रिक टेस्ट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे छात्र अपनी रुचि और क्षमताओं के अनुसार सही विषय का चयन कर सकते हैं।

उन्होंने यह भी सलाह दी कि बिना आत्मविश्लेषण के किसी भी क्षेत्र में प्रवेश करने के बजाय पहले अपनी प्रतिभा को पहचानना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्राचार्या ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता नहीं, बल्कि छात्रों का सर्वांगीण विकास है। ऐसे कार्यक्रम ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की जानकारी प्रदान कर उनके आत्मविश्वास को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। छात्रों ने अपनी प्रतिक्रिया में बताया कि इस सत्र से उन्हें न केवल नए और उभरते कैरियर क्षेत्रों की जानकारी मिली, बल्कि परीक्षा के तनाव को कम करने के प्रभावी उपाय भी सीखने को मिले। कैरियर ब्लूम स्कूल कनेक्ट का यह प्रयास चांपा जांजगीर नगर के विद्यार्थियों के लिए निश्चित ही एक मील का पत्थर साबित होगा।

## लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता द्रोण 2025-26 का समापन



**चांपा।** लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल, चांपा में थीम द्रोण पर आधारित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता द्रोण 2025-26 का समापन समारोह शनिवार, 10 जनवरी 2026 को विद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के आगमन एवं आसन ग्रहण के साथ हुआ। इसके पश्चात माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अजिता वी. के. ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह का प्रमुख आकर्षण बालक वर्ग का अंतिम खो-खो मुकाबला रहा, जो मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अतिथियों की उपस्थिति में खेला गया और दर्शकों से भरपूर उत्साह मिला। इसके पश्चात विभिन्न खेलों में विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लायंस क्लब एजुकेशनल सोसाइटी, चांपा के चेयरमैन लायन रामप्रपन्ना देवांगन ने खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने अपने संबोधन में विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं।मुख्य अतिथि लायन वी. के. अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शारीरिक सुदृढ़ता, अनुशासन एवं निरंतर परिश्रम का महत्व बताते हुए खेल को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संदेश दिया तथा वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता द्रोण 2025-26 के समापन की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर लायन बजरंग अग्रवाल, लायन राजेश अग्रवाल, लायन नंद कुमार देवांगन एवं लायन एम. के. पारीक की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में ध्वज अवरोहण एवं हाउस फ्लैग प्राचार्या को सौंपे गए। तत्पश्चात मुख्य अतिथि को चेयरमैन एवं अध्यक्ष द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह का समापन अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता द्रोण 2025-26 अनुशासन, उत्साह एवं खेल भावना का उत्कृष्ट उदाहरण रही।

## सहसराम कर्ष बने जिला कार ड्राइवर संघ के संरक्षक



**जांजगीर चांपा।** जिला कार ड्राइवर सेवा संघ पंजीयन क्रमांक 12202520210 कार्यालय पुराना बस स्टैंड कोरबा जिला कोरबा छत्तीसगढ़ द्वारा जिला कार ड्राइवर सेवा संघ कोरबा चांपा के सदस्यों, पदाधिकारियों ने एक आवश्यक बैठक दिनांक 5 जनवरी 2026 को। आहुत कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि उपरोक्त यूनियन संघ का संरक्षक सहसराम कर्ष सारागांव जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ को नियुक्त किया गया । दिनांक 11जनवरी 2026 को चांपा कोरबा ड्राइवर सेवा संघ के पदाधिकारियों सदस्य गण सारागांव पहुंचकर सहसराम कर्ष के निवास में फूल माला से स्वागत करते हुए यूनियन संघ का नियुक्ति पत्र सौंपा गया और चांपा कोरबा के ड्राइवर सेवा संघ ने संरक्षण आर्शीवाद प्रदान करने की अपेक्षा की है इस संघ में 40 से 50 गाड़ियां है ।इस दौरान सारागांव में भेंट स्वागत करने वालों में ड्राइवर सेवा संघ के अध्यक्ष रंजीत सिंह ठाकुर कोरबा ,शिव चौहान ,सुनील तिवारी ,विशाल दीवान, मन्नू यादव, सोनू श्रीवास, जनक कर्ष,रवि पटवा, आमिद खान,गुलाब मोहम्मद,विनोद वस्त्रकार,हीरालाल बरेठ,विजय कुर्रे, गोविंद दास,विनोद नायक,आदि लोग शामिल थे ।



## साहू संघ ने मनाया राजिम जयंती समारोह

**जांजगीर।** परिक्षेत्र साहू संघ जांजगीर द्वारा माता राजिम जयंती समारोह भक्त माता कर्मा सामुदायिक भवन जांजगीर में रामकुमार साहू तहसील अध्यक्ष जांजगीर के मुख्य आतिथ्य, जे .सी.साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित हुआ।नारायण साहू संरक्षक,रामरतन साहू,उपाध्यक्ष,दिलीप साहू,नेहरू साहू के आतिथ्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माता राजिम व कर्मा माता की आरती पूजा अर्चना से हुआ।कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ.बोधी राम साहू संगठन सचिव ने किया। माता राजिम ने त्याग और तपस्या से कार्य कर साहू समाज के लिए महती कार्य की उनके किए कार्य सदा प्रेरणादाई रहेंगे उक्त उद्गार मुख्य अतिथि ने व्यक्त की।राजिम माता के किए कार्य इतिहास के पन्नों पर अमिट है साहू समाज की आराध्य देवी माता राजिम जो कि राजिम लोचन भगवान की भक्ति में लीन रहा करती थी ।उनके किए कार्य समाज को सदैव मार्ग प्रशस्त करते रहेंगे उक्त बातें कार्यक्रम अध्यक्ष जे.सी.साहू ने व्यक्त की। मंचस्थ अतिथियों ने भी राजिम माता के जीवनी पर प्रकाश डाला। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

## महिला कमांडो बनाएंगी चंडीपारा को नशा मुक्त

**चंडीपारा।** जिले के ग्राम पंचायत चंडीपारा में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ महिलाओं की एकजुटता ने प्रशासन को कड़ा कदम उठाने के लिए प्रेरित किया है। ग्राम पंचायत चंडीपारा की चंडी महिलाशक्ति संगठन ने ग्राम सरपंच के साथ मिलकर कच्ची शराब विक्रेताओं के खिलाफ पुलिस अधीक्षक जांजगीर विजय कुमार पांडेय को निमंत्रण पत्र सौंपा था। इस पहल की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने स्वयं चंडीपारा पहुंचने का निर्णय लिया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक पांडेय ने मंच से कहा कि ग्राम चंडीपारा की महिलाओं का संगठन और उनकी एकता अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिलाओं के सम्मान की रक्षा और नशामुक्त समाज का निर्माण पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने नवनियुक्त थाना प्रभारी पामगढ़ सावन कुमार सारथी को निर्देश दिए कि चंडीपारा, पामगढ़ एवं आसपास के क्षेत्रों में विशेष मुहिम चलाकर अवैध कच्ची शराब विक्रेताओं पर तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए और दोषियों को जेल भेजा जाए।

## मिल में खड़े ट्रक की बैटरी चोरी करने वाले गिरफ्तार

**जांजगीर।** अकलतरा पुलिस की सक्रियता के चलते राइस मिल में हुई ट्रक बैटरी चोरी का आरोपी संजीव धिरही (19) गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी संजीव धिरही, पिता



अमरनाथ धिरही, निवासी वार्ड क्रमांक 13, गुरुघासीदास मोहल्ला, अकलतरा को चोरी की वारदात के बाद फरार घोषित किया गया था। 0प्रार्थी ने थाना अकलतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया कि ट्रक क्रमांक सीजी 10 सी 8466 महाराजा राइस मिल परिसर में काटा कराने के लिए खड़ा था। इसी दौरान रात के समय अज्ञात चोर ने ट्रक से बैटरी चोरी कर ली। । शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। चोरी की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपी का पता लगाया।

पुलिस ने आरोपी संजीव धिरही को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने रात में महाराजा राइस मिल में खड़े ट्रक की बैटरी चोरी करने की बात स्वीकार की। आरोपी के कब्जे से चोरी की बैटरी भी बरामद की गई। इस कार्रवाई के तहत आरोपी के विरुद्ध धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।



## ग्राम पंचायत मुड़पार में रक्तदान शिविर लगाया

**तुस्मा।** ग्राम पंचायत मुड़पार में रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 50 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इसमें युवा, बुजुर्ग और महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिली। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान कर ग्रामीण क्षेत्रों में आमतौर पर कम देखी जाने वाली महिला सहभागिता की परंपरा को तोड़ते हुए नई मिसाल कायम की।

रक्तदाताओं को ग्राम पंचायत की ओर से प्रमाण पत्र और हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि रक्तदान एक पुण्य कार्य है, जिससे जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से समय-समय पर रक्तदान करने और दूसरों को प्रेरित करने का आह्वान किया।

## अनमोल वचन......

बहुत से लोग अवसर के बजाय सुरक्षा के बारे में सोचते हैं। वे मौत से ज़्यादा ज़िंदगी से डरते हैं।

# हमले से अधिकांश देशों के कान खड़े

*ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला के खिलाफ जो तर्क दिया है, आशंका है कि वह वैसी ही दलील ग्रीनलैंड, क्यूबा, मेक्सिको और यहां तक कि कनाडा के खिलाफ भी गढ़ सकता है। इसीलिए इस हमले से अधिकांश देशों के कान खड़े हुए हैं। डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने वेनेजुएला के आसपास सैन्य दबाव कई महीनों से बना रखा था, लेकिन तब कहा गया कि यह मादक पदार्थों की तस्करी पर कार्रवाई के लिए है। इस बीच ट्रंप प्रशासन ने अपने देश की संसद के सामने कहा कि वेनेजुएला पर हमला करने या वहां 'शासन परिवर्तन' कराने का उसका कोई इरादा नहीं है। इस तरह तीन जनवरी को अमेरिकी सेना ने वेनेजुएला पर जो हमला किया, वह अमेरिका में बिना संसदीय मंजूरी के किया गया। विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के अनेक सांसदों ने इसे अमेरिकी संविधान का उल्लंघन बताया है।*

*इस हमले के जरिए वेनेजुएला के निर्वाचित राष्ट्रपति निकलस मदुरो और उनकी पत्नी को उनके निवास से उठा लिया गया। उन्हें न्यूयॉर्क लाकर उन पर मुकदमा चलाने का एलान किया गया है, जबकि इस कार्रवाई को वहां के मेयर जोहरान ममदानी ने देश के संघीय एवं अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन बताया है। अंतरराष्ट्रीय कानून का सर्वोपरि सिद्धांत हर देश की संप्रभुता का सम्मान है, जिसका किसी देश को उल्लंघन नहीं करना चाहिए। किसी उच्छृंखल देश के खिलाफ भी संयुक्त राष्ट्र की मंजूरी से बहुपक्षीय बल के जरिए ही वैध कार्रवाई की जा सकती है। मगर इस मामले में संयुक्त राष्ट्र तो दूर, ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका के सहयोगी देशों की सहमति भी प्राप्त नहीं की। इस तरह वह अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन करते हुए 'एकतरफा कार्रवाई' के अपने चलन को एक नए मुकाम पर ले गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य का ऐसा व्यवहार नियम आधारित विश्व व्यवस्था के लिए खुली चुनौती है। इससे दुनिया के हर हिस्से में हमलों की धमकी देने, कमजोर देश को डराने, और मनमाने ढंग से दूसरे देशों की संप्रभुता का उल्लंघन करने की प्रवृत्तियों को बढ़ावा मिलने का अंदेशा है। ट्रंप प्रशासन ने जिस तर्क को आधार बनाकर वेनेजुएला पर कार्रवाई की, आशंका है कि वह वैसी ही दलील ग्रीनलैंड, क्यूबा, मेक्सिको और यहां तक कि आगे चल कर कनाडा के खिलाफ भी गढ़ सकता है। इसीलिए वेनेजुएला पर हमले से अधिकांश देशों के कान खड़े हुए हैं और विश्व समुदाय के बहुत बड़े जनमत ने इसकी निंदा की है।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने दोस्त के साथ शाम को प्रोग्राम बनायेंगे और यह सोचकर आप पूरा दिन खुश रहेंगे। आज कार्य स्थल पर आप खूब मन लगाकर काम करेंगे, कलीग्स आपको फॉलो करेंगे, आपका पूरा दिन व्यस्तता के साथ गुजरेगा फिर भी आपको यह सोचकर अच्छा लगेगा कि आज आपने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आप अपने जीवनसाथी के साथ किसी खूबसूरत जगह पर घूमने जायेंगे, इससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आप एक-दूसरे की भावनाओं को समझने के साथ ही जीवन की हर एक परिस्थिति में साथ देने का वादा भी करेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स आज किसी विशेष टॉपिक को समझने के लिए अपने सीनियर्स की मदद लेंगे।

**मिथुन राशि:**आज का दिन आपके लिए सुनहरा होगा। आज आपके विचारों को अहमियत मिलेगी, आपका सम्मान बढेगा। आज आप माता-पिता के साथ बैठकर भविष्य की योजनाओं पर बात करेंगे। आज आपको यदि किसी कारण से कुछ खोने का डर है तो आप निश्चिन्त हो जाएं ऐसा कुछ नहीं होने वाला क्योंकि आज आपका दिन आपके फेवर में है।

**कर्क राशि:**आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके करियर में नया मोड़ आने वाला है यह आपके लिए लाभकारी साबित होगा। आज के दिन आपकी मुलाकात किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जिससे आगे चलकर आपकी गहरी दोस्ती हो सकती है। आज आपको अपने स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की जरूरत है।

**सिंह राशि :** आज का दिन आपके लिए नयी उमंगों से भरा रहने वाला है। आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। आप किसी व्यक्ति की बातों से प्रभावित होंगे आज फालतू कामों में व्यस्तता रहेगी। आज समस्याओं से घबराने के बजाय उनको शांत मन से सुलझाने की कोशिश करें। जो चीजें महत्वपूर्ण हैं उनको खुद ही संभालें और जरूरत हो तो किसी अनुभवी की सलाह भी लें।

**कन्या राशि :**आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपके जिगरी दोस्त शाम के लिए बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन खुशनुमा कर देंगे। आज आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है, आप अपने आप में काफी अच्छा महसूस करेंगे। आज आपकी कर्मठता की वजह से लोगों के बीच आपका मान सम्मान बढ़ेगा। किसी रिश्तेदार से आपकी फोन पर बात होगी।

**तुला राशि:** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है।आज आपको नई जानकारी मिलेगी आपके लिए यह जानकारी भविष्य के लिये फायदेमंद साबित होगी। आज आलस्य व सुस्ती छोड़कर काम में मन लगाने की जरूरत है, आज आप मार्केट से मनपसंद सामान खरीदेंगे। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर अमल करने के लिए आज का दिन अच्छा है। रिश्तों में मिठास बनी रहेगी।

**वृश्चिक राशि :**आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। कुछ लोग रुकावटें भी पैदा करेंगे। अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने लक्ष्य पर फोकस करें। निश्चित तौर पर आपको सफलता मिलेगी। आज बिजनेस में बहुत संजीदगी और गंभीरता से काम करने की जरूरत है। बिजनेस बढ़ाने की योजनाओं पर एक बार फिर से विचार करें।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज प्रैक्टिकल सोच रखेंगे और आपके संतुलित रवैया से फायदा मिलेगा, लोगो का व्यवहार आपके प्रति अच्छा रहेगा। आज थोड़ा समय एकांत में या किसी धार्मिक स्थान पर बिताएंगे । इस राशि की महिलाएं अपने बिजनेस में एक्टिव रहेंगी, आपको ज्यादा धनलाभ भी होगा।

**मकर राशि :** आपके लिए आज का दिन मिले जुले अनुभव देने वाला रहेगा। आज आपके तय किए गये काम नियत समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद को प्रसन्नता होगी ।लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई बातों के कारण आप मन ही मन परेशान हो सकते है, लेकिन यह समय धैर्य पूर्वक काटने से जल्द ही सब कुछ नार्मल हो जायेगा।

**कुंभ राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पुरानी गलती दोबारा न हो, इस बात का ध्यान रखना आपके लिए आवश्यक होगा। आपका जीवन प्रगति की ओर बढ़ रहा है, नई जिम्मेदारियों के लिए आप खुद को तैयार करेंगे। आज अपनी कार्य क्षमता के अनुसार आपको कुछ बड़े अवसर भी मिल सकते हैं।

**मीन राशि:**आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप संतान के करियर की समस्याओं को किसी अनुभवी और जानकार की मदद से सुलझा लेंगे। थोड़ी विपरीत परिस्थितियां भी बनेंगी। आज किसी से बात चीत करते समय अपने गुस्से पर काबू रखें। आज यात्रा का योग बन सकता है। जोखिम भरे कामों से दूर रहें।

# विकसित भारत युवा नेता संवाद: विकसित भारत के लिए युवा नेतृत्व का सशक्तिकरण

//डॉ. मनसुख मांडविया//

**भारत की विकास कथा उन लोगों द्वारा लिखी जाएगी, जो आज इसके विचारों को स्वरुप दे रहे हैं। पूरे देश में, युवा भारतीय इस बारे में गहराई से सोच रहे हैं कि भारत कैसे तेज़ी से आगे बढ़ सकता है, कैसे बेहतर शासन कर सकता है और किस प्रकार 2047 तक विकसित देश बन सकता है। उनके विचार विश्वविद्यालय परिसरों और समुदायों, स्टार्ट-अप और खेल के मैदानों, कक्षाओं और गांव की बैठकों में उभरकर सामने आ रहे हैं। वास्तविक सवाल अब यह नहीं रहा कि क्या युवाओं के पास योगदान देने के लिए कुछ है, बल्कि यह है कि क्या उनके विचारों को राष्ट्र की दिशा को प्रभावित करने के लिए एक सशक्त मंच दिया जा रहा है। विकसित भारत युवा नेता संवाद (वीबीवाईएलडी) को ऐसा ही मंच प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।**

आज भारत में विश्व की सबसे बड़ी युवा आबादी निवास करती है। इसलिए यह स्वाभाविक ही है कि राष्ट्र के भविष्य की दिशा केवल नीतियों या संस्थाओं से नहीं, बल्कि इसके युवा नागरिकों की कल्पना, दृढ़ विश्वास और साहस से निर्धारित होगी। विशाल युवा शक्ति का यह भंडार केवल जनसांख्यिकीय लाभ नहीं है; यह भारत की सबसे बड़ी राष्ट्रीय परिसंपत्ति है, जो नवाचार को गति देने, लोकतंत्र को मजबूत करने तथा देश को समावेशी और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ाने में सक्षम है।

भारत की युवा पीढ़ी की आकांक्षाओं को मजबूत उद्देश्य और संभावना से मार्गदर्शन मिलता है। आज का युवा केवल व्यक्तिगत उन्नति से प्रेरणा प्राप्त नहीं करता है; वह जिम्मेदारी उठाने और सार्थक प्रभाव डालने की इच्छा से भी प्रेरित होता है। वे ऐसे रास्तों की खोज करते हैं, जहां उनकी रचनात्मकता, समाधानों में बदल सके, उनकी ऊर्जा नेतृत्व में और उनकी महत्वाकांक्षा सेवा में परिवर्तित हो सके।

युवा मामले और खेल मंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, मुझे विभिन्न पृष्ठभूमियों में - जैसे विश्वविद्यालय परिसरों में, ग्रामीण जिलों में, खेल मैदानों में और युवा नेतृत्व वाली सामुदायिक पहलों में - युवा भारतीयों के साथ बातचीत करने का अवसर मिला है। जो चीज़ हमेशा स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, वह यह है कि युवा लोग देश के भविष्य के बारे में कितनी गंभीरता से सोचते हैं। मुझे वह मौका याद है जब मैं ग्रामीण युवा स्वयंसेवकों के एक समूह से मिला, जिन्होंने अपने गाँवों में अनौपचारिक शिक्षा केंद्रों का आयोजन किया था। सीमित संसाधनों के बावजूद, दृढ़ विश्वास के साथ, वे शिक्षा और कौशल विकास की कमियों का स्थानीय रूप से डिज़ाइन किए गए उपायों के माध्यम से समाधान कर रहे थे। उनके विचार व्यावहारिक थे, जमीनी वास्तविकताओं से जुड़े थे और जिम्मेदारी की स्पष्ट भावना से संचालित थे। इस तरह के अनुभव एक सरल सच्चाई की पुष्टि करते हैं: जब युवा लोगों पर भरोसा किया जाता है और उन्हें स्थान दिया जाता है, तो वे केवल भाग नहीं लेते, बल्कि नेतृत्व करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले से आह्वान किया था कि ऐसे एक लाख युवाओं को सार्वजनिक जीवन में लाया जाना चाहिए, जिनकी कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि न हो। प्रधानमंत्री की इसी भावना से प्रेरित होकर जनवरी 2025 में विकसित भारत युवा नेता संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जिसमें राष्ट्रीय युवा महोत्सव की परिकल्पना पूरी तरह से नए प्रारूप में की गयी है। प्रतिक्रिया अभूतपूर्व रही। विकसित भारत चुनौती के माध्यम से 30 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया, दो लाख से अधिक निबंध प्रस्तुत किए गए और हजारों युवाओं ने राज्य स्तर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस आयोजन का समापन दिल्ली के भारत मंडपम में हुआ, जहां 3,000 युवा नेताओं को प्रधानमंत्री के साथ खुलकर संवाद करने का अवसर मिला, जिन्होंने कई घंटों तक उनके विचार सुने और उन्हें नेतृत्व करने के लिए प्रेरित किया।

संख्याओं से परे, सहभागिता की प्रकृति ने इस संवाद को वास्तव में ऐतिहासिक बनाया। इसने मान्यता दी कि भारत की युवा शक्ति के विचार 2047 के भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण हैं। युवा प्रतिभागियों को राष्ट्रीय चुनौतियों के बारे में गंभीरता से सोचने, समाधान प्रस्तुत करने और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को साझा उद्देश्य के साथ जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया, जिससे आकांक्षा और क्रियान्वयन के बीच का अंतर समाप्त हो गया।

विकसित भारत युवा नेता संवाद की ताकत केवल इसके पैमाने में नहीं, बल्कि इसके डिज़ाइन में है। विचार, भाषा, संस्कृति और अनुभव की विविधता इस पहल की संरचना में निहित है। शहरी और ग्रामीण भारत के युवा, छात्र और पेशेवर, नवोन्मेषी और जमीनी नेता एक मंच साझा करते हैं। कई स्तरों की भागीदारी सुनिश्चित करती है कि संवाद और आदान-प्रदान के माध्यम से विचार परिष्कृत होंगे, न कि भौगोलिक, भाषा या पृष्ठभूमि के कारण विचारों को छांट दिया जाएगा। ऐसा करके, संवाद सुनिश्चित करता है कि भाग लेने वाले हर युवा के पास अपनी बात को रखने का अवसर है और उसे विस्तार देने का एक मंच भी है।

भारत के युवाओं ने हमेशा देश के निर्णायक क्षणों में मुख्य भूमिका निभाई है, स्वतंत्रता संग्राम से लेकर स्वतंत्र भारत के संस्थानों के निर्माण तक। हर मोड़ पर, युवा भारतीय साहस, विश्वास और नेतृत्व करने की इच्छा के साथ आगे बढ़े हैं। केवल भागीदारी के लिए नहीं, बल्कि भारत की विकास कहानी के साझा-निर्माण का नेतृत्व करने और इसे गति देने के लिए, आज, राष्ट्र फिर से अपने युवाओं की ओर देख रहा है। 2047 में विकसित भारत का विज़न केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है; यह सामाजिक सद्भाव, पर्यावरण जिम्मेदारी, तकनीकी मार्गदर्शन और समावेशी विकास की भी मांग करता है। इन जटिल चुनौतियों के लिए ताजा सोच, अनुकूलन क्षमता और अभिनव को अपनाने की योग्यता की आवश्यकता है: ये गुण भारत की युवा शक्ति में प्रबल रूप से मौजूद हैं।

पहली ऐतिहासिक संस्करण की शानदार सफलता के आधार पर, वीबीवाईएलडी2026, जो 9-12 जनवरी 2026 को आयोजित किया जाएगा, राष्ट्रीय युवा सम्मेलन से एक ऐसे मंच की ओर निर्णायक छलांग का संकेत ता है जिसकी प्रतिध्वनि वैश्विक है। 'भारत के लिए डिज़ाइन' और 'विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी' जैसी नई पहलों और अंतरराष्ट्रीय भारतीय युवा प्रवासी की भागीदारी के साथ, संवादों का अब सीमाओं के पार तक प्रसार होता है। फिर भी, इसका मूल उद्देश्य अपरिवर्तित रहता है: युवाओं को साहसपूर्वक सोचने, निडरता से रचना करने और दृढ़ विश्वास के साथ नेतृत्व करने के लिए सशक्त बनाना।

इस साल के आयोजन का पैमाना इस महत्वाकांक्षा की गहराई को रेखांकित करता है। विकसित भारत क्विज में 50 लाख से अधिक युवा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो वीबीवाईएलडी 2026 के चयन का पहला चरण था। यह इसे अपने तरह के सबसे बड़े युवा सहभागिता कार्यक्रमों में से एक बनाता है। चार दिनों के दौरान, देश के हर कोने के प्रतिभागी व्यावहारिक अंतर्दृष्टियों, विचारों और दृष्टिकोणों का लाभ उठाते हुए प्रमुख राष्ट्रीय और वैश्विक व्यक्तित्वों के साथ संवाद करेंगे, जो विषयों और भौगोलिक सीमाओं से परे जाते हैं।

वास्तव में वीबीवाईएलडी 2026 को अलग बनाने वाली चीज यह है कि यह हमारी युवा शक्ति को केवल बोलने का मौका नहीं देता, बल्कि उन्हें सुने जाने का भी अवसर प्रदान करता है। यह मंच युवा भारतीयों को अपने विचारों, आकांक्षाओं और समाधानों को भारत के प्रधानमंत्री के सामने सीधे प्रस्तुत करने में सक्षम बनाता है। 12 जनवरी को, जिसे पूरे देश में स्वामी विवेकानंद की स्मृति में राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी व्यक्तिगत रूप से भारत मंडपम में युवाओं के साथ संवाद करेंगे, उनसे सुनेंगे कि वे भविष्य की भारत की कल्पना कैसे करते हैं और किस रूप में उसे आकार देने का इरादा रखते हैं।जैसे-जैसे भारत अपनी स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ रहा है, देश को उन युवाओं की सक्रिय भागीदारी की जरूरत है, जिनमें बड़े सपने देखने का साहस है और विचारों को सार्थक कार्य में बदलने का दृढ़ संकल्प है। संवाद के लिए एक मंच से कहीं अधिक, विकसित भारत युवा नेता संवाद एक अभियान है, जो भारतीय युवाओं को आगे बढ़कर नेतृत्व करने, राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने और विकसित भारत के साथ अपनी आकांक्षाओं को जोड़ने का आह्वान करता है।

विकसित भारत का निर्माण उन्हीं के द्वारा किया जाएगा, जिनमें नेतृत्व करने का आत्मविश्वास और सेवा करने की प्रतिबद्धता है। भारत के युवा तैयार हैं। राष्ट्र को उनके साथ चलने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# प्रगति पोर्टल: भारत की डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना को तेज़ी से आगे बढ़ाने वाला एक गेम चेंजर

//आर.के जैन//

**डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजना आज़ादी के बाद शुरू की गई सबसे महत्वाकांक्षी रेल अवसंरचना योजनाओं में से एक है। इसका उद्देश्य माल ढुलाई के लिए उच्च क्षमता और आधुनिक तकनीक से लैस विशेष रेल कॉरिडोर तैयार करना है। इस परियोजना के माध्यम से भारतीय रेल तेज़, सुरक्षित, भरोसेमंद और कम लागत वाली लॉजिस्टिक सेवाएं देकर माल परिवहन के क्षेत्र में अपनी हिस्सेदारी दोबारा बढ़ाना चाहती है। साथ ही, इस परियोजना से मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्कों के विकास को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत घटेगी और पूरी आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता में सुधार होगा।**

करीब 1.2 लाख करोड़ से अधिक की अनुमानित लागत और 2843 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली डेडिकेटेड फ्रेंट कॉरिडोर परियोजना के दो मुख्य हिस्से हैं:यह 1337 किलोमीटर लंबा है। यह कॉरिडोर पंजाब के लुधियाना स्थित साहनेवाल से लेकर बिहार के सोननगर तक जाता है और पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्यों से होकर गुजरता है। यह 1506 किलोमीटर लंबा है। यह उत्तर प्रदेश के दादरी से लेकर मुंबई के पास जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट (जेएनपीटी) तक फैला हुआ है। यह हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्यों से होकर गुजरता है। कुल मिलाकर, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) का मार्ग 7 राज्यों और 56 जिलों से होकर गुजरता है। यह जंगलों, वन्यजीव अभयारण्यों, मैंग्रोव क्षेत्रों और क्रीक इलाकों से भी होकर जाता है, जिससे इस परियोजना का निर्माण कार्य स्वाभाविक रूप से जटिल हो जाता है।

हालांकि इस परियोजना की शुरुआत 2008 में हुई थी, लेकिन कई बाधाओं के कारण कई वर्षों तक काम की गति धीमी रही। मुख्य चुनौतियां इस प्रकार थीं:लगभग 11,000 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण, जिसमें अवैध कब्जे और बने हुए ढांचों को हटाना शामिल था।वन भूमि, वन्यजीव अभयारण्यों, मैंग्रोव क्षेत्रों, पेड़ों की कटाई और क्रीक (नाले) पार करने से जुड़े कानूनी अनुमतियां प्राप्त करना।900 से अधिक लेवल क्रॉसिंग को खत्म करने के लिए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण, जिनके लिए संयुक्त नक्शा स्वीकृति और रास्तों के लिए भूमि अधिग्रहण आवश्यक था। हाई टेंशन बिजली लाइनों, गैस और तेल पाइपलाइनों को स्थानांतरित करना। रक्षा विभाग, एनएचएआई, राज्य राजमार्ग प्राधिकरणों, सिंचाई विभाग से नहर पार करने की अनुमति और मिट्टी उधार लेने की स्वीकृति।कोविड के बाद ठेकेदारों पर पड़ा आर्थिक दबाव, जिससे नकदी की कमी हुई। निर्माण के लिए बिना किसी बाधा वाली भूमि उपलब्ध न होने से कार्य समय-सारिणी पर गंभीर असर पड़ा और परियोजना पर संभावित दावों का खतरा भी बढ़ गया।

प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से शुरू किया गया प्रगति पोर्टल डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) परियोजना के लिए एक अहम मोड़ साबित हुआ। इस पोर्टल के माध्यम से डीएफसी के अधिकारियों ने लंबे समय से लंबित समस्याओं को पूरे दस्तावेज़ों के साथ अपलोड किया। प्रगति पोर्टल की सबसे बड़ी ताकत इसकी पारदर्शिता और जवाबदेही थी। संबंधित मंत्रालयों, राज्य सरकारों और विभागों को यह साफ़ पता था कि कार्य की प्रगति पर सबसे ऊंचे स्तर पर, स्वयं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा भी, निगरानी की जा रही है। जो मुद्दे वर्षों तक लगातार प्रयासों के बावजूद अटके रहे थे, वे कुछ ही हफ्तों में, और कई मामलों में तो कुछ दिनों के भीतर ही, सुलझा लिए गए। जहाँ तुरंत समाधान संभव नहीं था, वहाँ विभागों ने निश्चित समय-सीमा तय की और उसका सख्ती से पालन किया गया। समस्याओं को एक साथ कई स्तरों तक तुरंत पहुँचाया जा सका एक ही मंच से मंत्रालयों और राज्यों के बीच बेहतर समन्वय हो पाया डीएफसी परियोजना में भी इसी तरह की एक आंतरिक निगरानी व्यवस्था लागू की गई। बड़े ठेकों की साप्ताहिक समीक्षा, नियमित स्थल निरीक्षण और तय किए गए लक्ष्यों की लगातार निगरानी सामान्य प्रक्रिया बन गई।चूंकि पोर्टल पर डाली गई सभी समय-सीमाएं दर्ज रहती थीं, इससे परियोजना टीम के भीतर अपने वादों को पूरा करने की ज़िम्मेदारी और जवाबदेही की भावना भी मज़बूत हुई। जटिल समस्याओं के तेज़ समाधान से निर्माण कार्य में उल्लेखनीय तेजी आई और बिना बाधा वाली भूमि समय पर उपलब्ध न होने से होने वाले संभावित दावों से संगठन को सुरक्षा मिली। सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि प्रगति पोर्टल ने रोज़मर्रा की परियोजना प्रबंधन प्रक्रिया में पारदर्शिता, त्वरित कार्रवाई और जवाबदेही को शामिल करके पूरे शासन तंत्र की कार्यसंस्कृति को ही बदल दिया। प्रगति पोर्टल आज प्रभावी डिजिटल शासन का एक जीवंत उदाहरण है। डेडिकेटेड फ्रेंट कॉरिडोर जैसी विशाल परियोजना, जो कई राज्यों, विभागों और नियामक क्षेत्रों से होकर गुजरती है, के लिए प्रगति केवल एक निगरानी उपकरण नहीं रहा, बल्कि बदलाव लाने वाला एक महत्वपूर्ण माध्यम साबित हुआ। तेज़ फैसले सुनिश्चित करके, विभागों के बीच टकराव कम करके और हर स्तर पर जवाबदेही तय करके, प्रगति पोर्टल ने डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर परियोजना को सफल और समय पर पूरा करने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाई है। साथ ही, इसने भारत की आने वाली अवसंरचना परियोजनाओं के लिए एक नया मानक भी स्थापित किया है।

## कर्मकांड का वह दौर लौट आया

भारत दर्शन का मतलब भीड़ का दर्शन है। नए साल की शुरुआत देश भर के धार्मिक स्थलों, पर्यटन स्थलों, होटलों या रेस्तरां में भीड़ की खबरों से हुई है। पिछले एक हफ्ते से देश के अलग अलग धर्मस्थलों से लोगों के जुटने की जैसी खबरें आईं, उनसे इस बात की पुष्टि हुई कि भारत के लोगों को ज्यादा से ज्यादा धार्मिक बनाने का भारत सरकार और भाजपा का प्रोजेक्ट सफल हुआ है। एक समय 'गर्व से कहो हम हिंदू हैं' के नारे लगते थे लेकिन तब लोग इस पहचान को लेकर इतने सीरियस नहीं थे। आज यह नारा नहीं लगता है लेकिन लोग अपनी हिंदू पहचान को लेकर सचमुच सीरियस हैं और इसके प्रदर्शन का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। इसी वजह से कर्मकांड का वह दौर लौट आया है, जिसे भारत पीछे छोड़ चुका था। नए साल में और आने वाले कई सालों में इसी वजह से हर जगह भीड़ बढ़ेगी। मंदिरों में भीड़ बढ़ेगी, कथावाचकों के प्रवचनों में भीड़ बढ़ेगी तो ज्योतिष और कर्मकांड करने वालों की भीड़ भी बढ़ती जाएगी। नेताओं की सभाओं में भीड़ बढ़ेगी तो फिल्मी सितारों को देखने के लिए भी भीड़ उमड़ेगी। दुनिया भर के कलाकार भारत में शो करने या कन्सर्ट के लिए आ रहे हैं क्योंकि भारत के पास 140 करोड़ की भीड़ है। 2025 को विदाई देने के लिए जितने भी कार्यक्रम हुए सबमें भीड़ उमड़ी। नए साल के मौके पर खबर है कि देश के सभी धार्मिक स्थलों पर लाखों लोगों की भीड़ जुटी। अयोध्या में साल के पहले दिन पांच लाख लोगों ने रामलला के दर्शन किए।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के सोमनाथ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को संबोधित किया।


गुजरात के सोमनाथ में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के दौरान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने रुद्राक्ष माला पहने हुए एक त्रिशूल (त्रिशूल) और एक डमरू (पलेट ड्रम) धारण किया।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को तिरुवनंतपुरम, केरल में श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर की यात्रा के दौरान एक स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। बीजेपी केरल प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर भी मौजूद थे।


केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीजेपी केरल प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर के साथ तिरुवनंतपुरम, केरल में श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर का दौरा किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के राजकोट में कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र के लिए वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लिया।


पीएम नरेंद्र मोदी राजकोट, गुजरात में कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र के लिए वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन के मौके पर, साथ में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी भी मौजूद हैं।


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कच्छ और सौराष्ट्र क्षेत्र के लिए वाइब्रेंट गुजरात रीजनल कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन किया, इस दौरान गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष सांघवी राजकोट, गुजरात में मौजूद थे।

# जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में दिखे संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन, हाई अलर्ट पर सुरक्षाबल, सर्च ऑपरेशन शुरू

**श्रीनगर, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

**जम्मू-कश्मीर के कई जिलों में रविवार को संदिग्ध पाकिस्तानी ड्रोन देखे गए हैं। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है। सांबा में फ्लाइंग ऑबजेक्ट जैसा ड्रोन देखा गया है। बताया जा रहा है कि सांबा, राजौरी और पुंछ जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा के पास कई संदिग्ध ड्रोन देखे गए हैं।**

अधिकारियों के मुताबिक, कम से कम पांच ड्रोन की आवाजाही देखी गई है, जिसके बाद व्यापक पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया गया है। सांबा में रामगढ़ के चक बबराल गांव और सांबा के पंगधोर में ड्रोन की गतिविधि देखी गई। स्थानीय लोगों ने ड्रोन देखे हैं। उनका कहना है कि ड्रोन पाकिस्तान की ओर से आये थे और उनसे लाल और नीली रंग की लाइट जल रही थी। बताया जा रहा है कि सभी ड्रोन पाकिस्तान की ओर से आए थे और कुछ मिनट तक भारतीय क्षेत्र में मंडराने के बाद वापस लौट गए। उन्होंने बताया कि राजौरी में एलओसी से सटे नौशेरा सेक्टर की सुरक्षा कर रहे सेना के जवानों ने शाम करीब 6.35 बजे गनिया-कलसियान गांव के ऊपर ड्रोन की गतिविधि देखने पर मध्यम और हल्की मशीनगनों से गोलीबारी की। राजौरी जिले के तेरियाथ के खब्बर गांव में शाम 06.35 बजे ड्रोन दिखा था। अधिकारियों ने बताया कि टिमटिमाती बत्ती वाली यह उड़ने वाली वस्तु कलाकोट के धर्मसाल गांव की दिशा से आई और फिर भरख की ओर चली गई।उन्होंने बताया कि शाम करीब 07.15 बजे सांबा के रामगढ़ सेक्टर के चक बाबराल गांव के ऊपर भी टिमटिमाती बत्ती वाली एक ड्रोन जैसी वस्तु कई मिनट तक मंडराती रही।

# राज्य के लोग डीएमके शासन से असंतुष्ट, दो दिन के दौरे पर तमिलनाडु पहुंचे नितिन नवीन



**मरुधमलाई।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने रविवार को कहा कि तमिलनाडु के लोग डीएमके सरकार की प्रशासनिक विफलताओं से असंतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भ्रष्टाचार मुक्त और समृद्ध तमिलनाडु के दृष्टिकोण को हर घर और हर मतदान केंद्र तक पहुंचाने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।नवीन तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने पेरूर पटीश्वरार मंदिर और प्रसिद्ध मरुधमलाई मुरुगन मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। उनके साथ भाजपा तमिलनाडु अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन, पूर्व भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई और अन्य वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी भी मौजूद थे।उन्होंने अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर लिखा, आज की शुरुआत पवित्र पेरूर पटीश्वरार मंदिर में पूजा-अर्चना से हुई। अपनी समृद्ध विरासत, भव्य वास्तुकला और शांत वातावरण के साथ यह प्राचीन शिव मंदिर श्रद्धा से भर देता है और मन को शांति प्रदान करता है। भगवान शिव हम सभी को आशीर्वाद दें और हमें धर्म के मार्ग पर मार्गदर्शन करें। उन्होंने मंदिर दर्शन की कुछ तस्वीरें भी साझा कीं।

# यूपी में 650 करोड़ की लागत से बन रहा एक और फोरलेन हाईवे, बिहार जाना अब और भी आसान



**बलिया, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

देवरिया जनपद के नवलपुर से जिले के बेल्थरारोड तहसील के उभांव तक एनएच 727-बी को फोरलेन और उसके बाद सिकंदरपुर तक टू लेन पेव्ड शोल्डर बनाने का प्रस्ताव है।लगभग 45 किलोमीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण होने से कुशीनगर, देवरिया और बिहार के गोपालगंज और सिवान से भी बेहतर कनेक्टिविटी हो जाएगी। इससे व्यापार को भी गति मिलेगी। भागलपुर में और करमौता-पंदह बाईपास भी बनाया जाएगा, जिसकी चौड़ाई करीब 45 मीटर होगी। वहीं तुर्तीपार सेतु को भी फोरलेन करने का प्रस्ताव है। यह सेतु दो लेन और चौड़ा हो जाएगा। पहले से मौजूद पुराने पुल की मरम्मत कर उसे भी ठीक किया जाएगा। इस दिशा में कार्य आरंभ हो चुका है। भागलपुर के सामने स्थित पुराना सेतु जर्जर होने के कारण उस पर लंबे समय से भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगी है। इससे लोगों को कई तरह की परेशानी झेलनी पड़ती है। व्यापारी तो परेशान होते ही हैं, स्कूल के बच्चों को भी पुल के पास पहुंचने के बाद वाहन बदलने होते हैं। अब सड़क के फोरलेन होने के क्रम में इस सेतु का भी कायाकल्प होते देख लोग खुश हैं।

पुराने सेतु के बगल में बन रहे सेतु की लंबाई 1.8 किलोमीटर है। इसमें कुल 40 पिलर बनाए जाने हैं, जिसमें से 10 नदी में बन रहें हैं। नदी में पिलर की खोदाई और नींव डालने का कार्य शुरू हो चुका है। एनएच 727बी के चौड़ीकरण के क्रम में उभांव और धानी ढाला पर आरओबी (रेल ओवर ब्रिज) भी बनाया जाएगा। परियोजना को अमली जामा पहनाने में 650 करोड़ खर्च होंगे। नेशनल हाईवे के बनने से नए चौराहों का विकास होगा। जिससे उसके आसपास के गांव के लोगों को रोजगार मिल सकेगा। उद्योग धंधे भी विकसित होंगे। तुर्तीपार सेतु के फोरलेन होने पर आवागमन सुगम हो जाएगा।देवरिया जनपद के नवलपुर से बलिया के बेल्थरारोड के उभांव तक एनएच 727बी को फोरलेन करने के क्रम में तुर्तीपार सेतु के बगल में एक नए सेतु का निर्माण किया जा रहा है। कार्य तेजी से हो रहा है। कार्य पूर्ण करने की अवधि 30 माह है।

## दिल्ली हाईकोर्ट का अहम फैसला

# बच्चे की सुरक्षा सर्वोपरि, आरोपों पर विचार किए बिना घट सकते हैं मुलाकात के अधिकार

**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

अलग-अलग रह रहे बच्चे से स्वजन के मिलने के अधिकार से जुड़ी एक याचिका पर अहम निर्णय सुनाते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि बच्चे की सुरक्षा की भावना सबसे जरूरी है। अदालत ने कहा कि माता-पिता को नियमित और सार्थक मुलाकात का अधिकार है, लेकिन अगर हालात बच्चे की सुरक्षा की भावना या मनोवैज्ञानिक स्थिरता के लिए खतरा दिखाते हैं, तो माता-पिता के बीच आरोपों पर फैसला किए बिना भी मिलने के अधिकार को कम किया जा सकता है। न्यायमूर्ति अनिल क्षत्रपाल व न्यायमूर्ति हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने कहा कि अंतरिम मुलाकात तय करने के स्तर पर कोर्ट को विवादित तथ्यों पर पक्के नतीजे देने की जरूरत नहीं है। जरूरत इस बात की है कि यह मूल्यांकन किया जाए कि आरोप और हालात कुल मिलाकर, ऐसी चिंताएं पैदा करते हैं या नहीं, जिनका बच्चे के कल्याण पर बुरा असर पड़ सकता है।अदालत ने उक्त टिप्पणी करते हुए एक पिता की अपील याचिका खारिज कर दी। व्यक्ति ने नाबालिग बच्चे के साथ अपनी अंतरिम मुलाकात के अधिकारों को कम करने वाले पारिवारिक अदालत के आदेश को चुनौती दी थी। अपीलकर्ता ने तर्क दिया था कि भौतिक मुलाकात में कमी माता-पिता से अलगाव के बराबर है और यह उसके खिलाफ लगाए गए बिना सुबूत वाले आरोपों पर आधारित है।महिला ने आरोप लगाया था कि ससुराल के घर में व्यक्ति ने बिजली काट दी थी और सीसीटीवी कैमरों से छेड़छाड़ की थी।

वहीं, महिला ने तर्क दिया था कि उनकी नाबालिग बेटी स्कूल जाने की उम्र की है और उसे स्थिरता, रूटीन और पढ़ाई के साथ-साथ को-करिकुलर एक्टिविटीज के लिए पर्याप्त समय की जरूरत है। यह भी तर्क दिया था कि पूर्व की मुलाकात व्यवस्था में बच्चे को हफ्ते में सीमित समय के लिए कई भौतिक मुलाकात में शामिल होना पड़ता था, इससे बार-बार यात्रा करनी पड़ती थी और रोजाना का शेड्यूल बिगड़ता था।महिला ने तर्क से सहमति जताते हुए पीठ ने कहा कि 29 जनवरी 2025 की प्राथमिकी साथ ही माता-पिता के बीच चल रहे विवादों के आरोप लगातार कलह की स्थिति को दर्शाते हैं।

# जड़ों से जुड़े लोग अपनी भाषा में ही करते हैं बात अंतरराष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन में बोले ओम बिड़ला



**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

तीन दिन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन के समापन पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि भाषा मात्र संवाद का साधन नहीं बल्कि हमारी आत्मा और संस्कृति की संवाहक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो लोग अपनी मिट्टी और जड़ों से जुड़े होते हैं, वह अपनी भाषा में बात करने में गर्व महसूस करते हैं। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आइजीएनसीए) में आयोजित तीन दिवसीय तृतीय अंतरराष्ट्रीय भारतीय भाषा सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष बिड़ला ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि आगामी बजट सत्र में उनका प्रयास रहेगा कि सभी सांसद संसद में अपनी ही भाषा में बात करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक मंचों पर भारतीय भाषा में ही अपनी बात रखते हैं, जो हमारे स्वाभिमान का प्रतीक है। हमारा प्रयास है कि वैश्विक मंचों पर भारतीय भाषाओं का विस्तार हो। उन्होंने प्रवासियों से भी अपनी नई पीढ़ी को मातृभाषा से जोड़ने का आह्वान किया। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि भारत में भाषाई विविधता कभी विभाजन का कारण नहीं बनी बल्कि यह सदैव संवाद का माध्यम रही है। हमारी भाषाएं समुदायों, आस्थाओं और ज्ञान परंपराओं के परस्पर संवाद से विकसित हुई हैं। सत्र की अध्यक्षता पद्म भूषण राम बहादुर राय ने की। इस अवसर पर शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के ए. विनोद, अंतरराष्ट्रीय सहयोग परिषद के श्याम परांडे और सम्मेलन निदेशक अनिल जोशी उपस्थित रहे।

## इजरायल ने गाजा में की फायरिंग, तीन फलिस्तीनियों की मौत



**गाजा।** गाजा में इजरायली सैनिकों ने रविवार को फिर से फायरिंग कर दी। दो घटनाओं में तीन फलस्तीनी मारे गए और कई घायल हुए हैं। पहली घटना गाजा सिटी के नजदीक और दूसरी घटना खान यूनिस के नजदीक हुई है।दो स्थानों पर हुई फायरिंग की घटनाओं से एक बार फिर गाजा में तनाव बढ़ गया है। गाजा के स्वास्थ्य विभाग ने बताया है कि अक्टूबर 2025 में युद्धविराम लागू होने के बाद से अभी तक इजरायली सेना की फायरिंग में 440 लोग मारे जा चुके हैं।इजरायली सेना ने कहा है कि उसके नियंत्रण वाले इलाके में घुसने वालों पर सैनिकों ने सतर्कता के चलते फायरिंग की, उसी के चलते तीन लोग मारे गए। इस बीच हमास ने कहा है कि वह फलस्तीनियों की मौजूदगी वाला प्राधिकार गठित होने पर गाजा की सत्ता से हट जाएगा।

## उत्तराखंड के 50 डंपिंग साइट पर पड़ा 13 लाख टन कूड़ा, अब लखनऊ मॉडल ही बचा सहारा

**देहरादून।** उत्तर प्रदेश के कई अभिनव प्रयोगों को उत्तराखंड खुले दिल से स्वीकार कर राज्य में लागू करता है, लेकिन पुराना कचरा प्रबंधन में लखनऊ के प्रेरणा स्थल से अभी तक राज्य के बड़े शहर प्रेरित नहीं हो सके हैं।उप्र ने लखनऊ में वर्षों से जमा साढे छह लाख मीट्रिक टन कचरे के पहाड़ को पूरी तरह हटाकर डंपिंग साइट को राष्ट्र प्रेरणा स्थल के रूप में विकसित कर दिया है। उत्तराखंड में अब तक एक भी शहर ऐसा नहीं है, जहां पुराने जमा कचरे (लीगेसी वेस्ट) का पूर्ण निस्तारण किया जा सका हो।उत्तराखंड में 50 से अधिक लीगेसी वेस्ट डंपिंग साइट पर पड़े पुराने कचरे का अब तक सिर्फ 27 प्रतिशत हिस्सा ही निस्तारित हो सका है। करीब शेष 12.82 लाख मीट्रिक टन से अधिक पुराना जमा कचरा खुले में पड़ा है। शेष कचरा पर्यावरण, भूजल और जनस्वास्थ्य के लिए खतरा बना हुआ है।

## सैन्य तख्तापलट के बाद म्यांमार में पहले आम चुनाव, दूसरे चरण का हुआ मतदान



**म्यांमार।** म्यांमार में पांच साल पहले सैन्य सरकार के सत्ता में आने के बाद हुए पहले आम चुनाव के दूसरे चरण का मतदान रविवार को शुरू हुआ। मतदान का दायरा अतिरिक्त कस्बों तक बढ़ा दिया गया है, जिनमें सैन्य सरकार और उसके सशस्त्र विरोधियों के बीच सघर्ष से प्रभावित कुछ क्षेत्र भी शामिल हैं।देश भर के 100 कस्बों में स्थानीय समयानुसार सुबह छह बजे मतदान केंद्र खुल गए, जिनमें सागाइंग, मगवे, मांडले, बागो और तनिंथारी क्षेत्रों के कुछ हिस्से के साथ ही मोन, शान, कचिन, कयाह और कायिन राज्य शामिल हैं। कई क्षेत्रों में हाल के महीनों में झड़पें हुई हैं। सशस्त्र संघर्षों के कारण चुनाव तीन चरणों में कराया जा रहा है। पहला चरण 28 दिसंबर को देश के 330 कस्बों में से 102 में हुआ था। अंतिम चरण 25 जनवरी को निर्धारित है, हालांकि लड़ाई के कारण 65 कस्बे मतदान में भाग नहीं लेंगे। म्यांमार में दो सदनों वाली राष्ट्रीय विधायिका है, जिसमें 664 सीटें हैं। संसद में बहुमत प्राप्त करने वाली पार्टी नए राष्ट्रपति का चुनाव करती है, जो मंत्रिमंडल का गठन कर नई सरकार बना सकते हैं।

# कांग्रेस से निष्कासित विधायक राहुल ममकुटाथिल यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार

**पथानामथिट्टा, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

कांग्रेस से निष्कासित विधायक राहुल ममकुटाथिल को रविवार तड़के यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। चिकित्सकीय जांच के बाद, उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।पुलिस के अनुसार, आठ जनवरी को पथानामथिट्टा जिले के एक निवासी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद पलक्कड़ विधायक के खिलाफ यौन उत्पीड़न का तीसरा मामला हाल ही में दर्ज किया गया। महिला वर्तमान में कनाडा में है। उसने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पुलिस को अपना बयान दिया।शिकायतकर्ता विवाहित है, जिसकी मुलाकात ममकुटाथिल से 2024 में हुई थी। उस दौरान वह अपने वैवाहिक जीवन में



समस्याओं से जूझ रही थी।

उसने पुलिस को बताया कि ममकुटाथिल ने कथित तौर पर अप्रैल 2024 में एक होटल में उससे शादी का वादा करके दुष्कर्म किया। दुष्कर्म से पहले उसके साथ मारपीट की गई। वह जब गर्भवती हुई तो मामकुटाथिल ने कथित तौर पर जिम्मेदारी लेने से इन्कार कर दिया और गर्भपात कराने की धमकी दी।इस बीच, केरल विधानसभा अध्यक्ष ए एन शमसीर ने रविवार को ममकुटाथिल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए। कहा कि उनके खिलाफ अयोग्यता की कार्यवाही शुरू करने के लिए कानूनी सलाह ली जाएगी।

वहीं, रविवार को कांग्रेस ने ममकुटाथिल से पल्ला झाड़ लिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता के. मुरलीधरन ने कहा कि पार्टी ने पलक्कड़ विधायक को उनके कथित गलत कामों का पता चलने के बाद पार्टी से निकाल दिया था।विधायक की गिरफ्तारी के बाद उनके खिलाफ पहली बार शिकायत दर्ज कराने वाली महिला ने एक भावुक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, हे ईश्वर, हमें उस सारी पीड़ा, निंदा और विश्वासघात के बावजूद खुद को साबित करने का साहस देने के लिए धन्यवाद। आपने अंधेरे में जो कुछ हुआ, वह देखा। आपने उन चीखों को सुना जो कभी दुनिया तक नहीं पहुंचीं।

## 23 जनवरी को नेताजी की जयंती समारोह में शामिल हो सकते हैं पीएम मोदी, क्या है प्रोग्राम?



**अंडमान ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जनवरी को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती समारोह में शामिल हो सकते हैं। अधिकारियों ने कहा कि अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा नेताजी स्टेडियम में राष्ट्रीय ध्वज फहराने और सार्वजनिक भाषण देने की उम्मीद है, जहां सुभाष चंद्र बोस ने 30 दिसंबर 1943 को तिरंगा फहराया था। केंद्र सरकार नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाती आ रही है, ताकि राष्ट्र के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को सम्मानित किया जा सके। पीएम मोदी के मरीना पार्क स्थित नेताजी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने की भी संभावना है। अधिकारी ने बताया, प्रधानमंत्री के श्री विजयपुरम स्थित शहीद स्तंभ पर पुष्पांजलि अर्पित करने और वीर सावरकर को श्रद्धांजलि देने के लिए सेलुलर जेल जाने की संभावना है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री कैंपबेल बे जाकर वहां की विकास परियोजनाओं का निरीक्षण भी कर सकते हैं।

## नैनीताल से भी ज्यादा ठंडा हुआ मुरादाबाद

# 10 साल का रिकॉर्ड टूटा, 4 डिग्री पारे ने सबको चौंकाया!



**मुरादाबाद, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

सर्दी इस बार दस साल पुराने रिकार्ड तोड़ती नजर आ रही है। तीन दिन पहले जहां इस सीजन का न्यूनतम तापमान 5.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं रविवार को यह और लुढ़ककर 4 डिग्री पर पहुंच गया। खास बात यह रही कि रविवार को मुरादाबाद नैनीताल से भी ज्यादा ठंडा रहा। वर्ष 2016 में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री दर्ज किया गया था, लेकिन वर्ष 2026 ने बीते दस सालों का रिकार्ड तोड़ते हुए ठंड का नया कीर्तिमान बना दिया।रविवार को चार डिग्री तापमान ने गलन और ठिठुरन को और बढ़ा दिया। रविवार की सुबह ठंडी हवा के कारण ऐसा लगा जैसे-शरीर जम गया हो। दोपहर 12 बजे धूप निकली। लेकिन, धूप में भी हाथ-पैर सुन्न हो रहे थे। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार पहाड़ों से आ रही ठंडी हवा, वातावरण में नमी और रात के समय चल रही तेज हवा की वजह से ठंड का असर और ज्यादा महसूस किया जा रहा है। बीते चार दिनों से न्यूनतम तापमान लगातार गिर रहा है, जबकि दिन में धूप निकलने से अधिकतम तापमान में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान करीब चार डिग्री के आसपास ही बना रहेगा। इस दौरान शीतलहर का प्रकोप रहेगा और धूप निकलने के बावजूद गलन व ठिठुरन कम नहीं होगी। सुबह और शाम के समय ठंड और अधिक तीखी महसूस होगी, जिससे आम लोगों की दिनचर्या प्रभावित रहेगी।

14 से 17 जनवरी के बीच घना कोहरा छाने की संभावना भी जताई गई है, जिससे सड़क और रेल यातायात पर असर पड़ सकता है।भीषण ठंड से बचने के लिए लोग अलाव और रूम हीटर का सहारा ले रहे हैं। नगर निगम द्वारा शहर में लगभग 100 स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे हैं, जिन्हें जरूरत के अनुसार बढ़ाया जा रहा है। जिला अस्पताल और पुराने रोडवेज परिसर में रात के साथ-साथ सुबह पांच से आठ बजे तक भी अलाव की व्यवस्था की गई है।

गंज बाजार, बुध बाजार, जीएमडी रोड, कचहरी रोड, चौमुखा पुल, नवीन नगर, मझोला, बुद्धि विहार और रामगंगा विहार जैसे इलाकों में दुकानदारों से लेकर रिक्शा चालक तक अलाव के पास तापते नजर आए। ठंड के कारण लोगों की दिनचर्या भी बदल गई है। सुबह आठ बजे तक सड़कों पर बेहद कम आवाजाही रहती है और केवल मजदूर वर्ग ही काम पर निकलता दिखाई देता है।सुबह दस बजे के बाद ही बाजारों और सड़कों पर चहल-पहल बढ़ती है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मकर संक्रांति के बाद मौसम में कुछ सुधार होने की संभावना है।

# गणतंत्र दिवस समारोह से पहले दिल्ली पुलिस अलर्ट जनभागीदारी से सुरक्षा को लेकर किया जागरूक



**नईदिल्ली, 12 जनवरी [एजेंसी]।**

गणतंत्र दिवस समारोह से पहले दिल्ली पुलिस ने पूरे शहर में आंख और कान आउटरीच कार्यक्रम चलाकर लोगों को पुलिस से जोड़ने की कोशिश की। इसके तहत सभी 15 जिले, मेट्रो और इंदिया गांधी एयरपोर्ट थाने में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया और अपनी जनभागीदारी दी।प्रतिभागियों में मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन व रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों के अलावा, पुरानी कारों के डीलर, होटल मालिक, फल, सब्जी विक्रेता, सुरक्षा गार्ड, कुली व अन्य लोग शामिल थे। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को पुलिस से जोड़ना और उन्हें अपनी आंख और कान योजना के बारे में बताना व जागरूक करना था, जो सुरक्षा बनाए रखने में जनता की भागीदारी को बढ़ावा देती है। इस पहल के तहत, नागरिकों से सतर्क रहने, संदिग्ध गतिविधियों, व्यक्तियों या संभावित आपराधिक कृत्यों से संबंधित जानकारी तुरंत साझा करने का आग्रह किया गया। पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग को मज़बूत करने और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए साझा ज़िम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस प्रवक्ता व एसीपी रंजय अत्रिश्या और कैलाश बिष्ट ने संयुक्त रूप से एक जानकारी पूर्ण चर्चा सत्र आयोजित किया । इस सत्र को पुलिस के आधिकारिक एक्स चैनल पर लाइव स्ट्रीम भी किया गया। अधिकतम लोगों तक पहुंचने के लिए, जिलों, मेट्रो व आईजीआई थानों पर सत्र को लाइव देखने की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी।

इस दौरान आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों को सीसीटीवी कैमरे लगाने, किराएदारों का सत्यापन करने और फेरीवालों की एंट्री पर नजर रखने के महत्व के बारे में बताया गया।मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने, फुटेज सुरक्षित रखने, पुलिस ब्रीफिंग में शामिल होने संबंधी जानकारी देने की सलाह दी गई। होटल मालिकों को गेस्ट चेक-इन के समय पूरी तरह से जांच करने और उनके ठहरने वालों के रिकार्ड रखने के निर्देश दिए गए।सिमकार्ड बेचने वालों को नए सिमकार्ड जारी करते समय टेलीकम्युनिकेशन डिपार्टमेंट के दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करने की सलाह दी गई। पुरानी कारों के डीलरों से खरीदारों का ठीक से सत्यापन करने और गाड़ी की ओनरशिप समय पर ट्रांसफर करने को कहा गया।पार्किंग अटेंडेंट और केमिकल बेचने वालों की भूमिका पर खास ज़ोर दिया गया। पार्किंग अटेंडेंट को हर समय सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को रिपोर्ट करने को कहा गया। केमिकल दुकान मालिकों को केमिकल और ऐसे प्रोडक्ट बेचते समय सावधानी बरतने की सलाह दी गई जिनका इस्तेमाल विस्फोटक के तौर पर किया जा सकता है, और बड़ी मात्रा में केमिकल खरीदने वालों की वैधता और मकसद सुनिश्चित करने को कहा गया।इस असवर पर इमरजेंसी संपर्क नंबर भी शेयर किए गए, जिनमें इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम 112 और दिल्ली पुलिस की आंख और कान हेल्पलाइन 14547 शामिल हैं। नागरिकों को इन हेल्पलाइन का इस्तेमाल कर संदिग्ध गतिविधियों, लावारिस चीजों या किसी भी अन्य संदिग्ध गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट करने के लिए बताया गया।कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को खास तौर पर डिज़ाइन किए गए एजुकेशनल पैम्फलेट दिए गए।

## हम मार डालेंगे, अमेरिका ने सीरिया में ISIS पर शुरू किया नया हमला

**आईसिस।** अमेरिका ने इस्लामिक स्टेट (आईसिस) के खिलाफ जवाबी हमलों का एक और दौर शुरू किया है। अमेरिका और सहयोगी बलों द्वारा किए गए ये व्यापक हमले स्थानीय समय दोपहर 12.30 बजे के आसपास हुए।इन हमलों में पूरे सीरिया में आईसिस के कई ठिकानों को निशाना बनाया गया। बाद में जॉर्डन की सेना ने भी इन हमलों में भाग लेने की घोषणा की। शनिवार के ये हमले राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप द्वारा पिछले महीने पल्मायरा में हुए घातक आईसिस हमले के जवाब में चलाए जा रहे एक व्यापक अभियान का हिस्सा हैं, जिसमें सार्जेंट एडगर ब्रायन टोरेस-टोवर, सार्जेंट विलियम नथानिएल हावर्ड और नागरिक दुभाषिए अयाद मंसूर सकात की मौत हो गई थी।अमेरिकी केंद्रीय कमान ने शनिवार को कहा, हमारा संदेश स्पष्ट है, यदि आप हमारे सैनिकों को नुकसान पहुंचाते हैं, तो हम आपको दुनिया में कहीं भी ढूंढ निकालेंगे और मार डालेंगे।



## ओ रोमियो से लेकर स्पिरिट तक, तृप्ति डिमरी के हाथ में कई बड़ी फिल्में

बॉलीवुड एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी आने वाले समय में कई शानदार फिल्मों में दिखाई देंगी. नया साल तृप्ति डिमरी के लिए काफी बिजी और खास होने वाला है, क्योंकि उनके पास बॉलीवुड से लेकर साउथ और ओटीटी प्रोजेक्ट्स तक लाइनअप तैयार है.

तृप्ति डिमरी ने साल 2017 में आई श्रेयर तलपड़े की 'पोस्टर बॉयज' से बॉलीवुड में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की. इस फिल्म में वो सपोर्टिंग रोल में नजर आई थीं.

इसके बाद उन्हें 2018 की 'लैला मजनूं' में लीड रोल मिला, जिसमें उनकी परफॉर्मेंस ने खूब तारीफें बटोरीं. फिर ओटीटी पर 'बुलबुल' (2020) और 'कला' (2022) से तृप्ति को क्रिटिकल फेम मिला.

वहीं, रणबीर कपूर के साथ एनिमल (2023) में उनकी भूमिका ने उन्हें बड़ी पॉपुलैरिटी दिलाई और उन्हें 'नेशनल क्रश' बना दिया. इसके बाद भूल भुलैया 3 (2024) और धड़क 2 (2025) जैसी फिल्मों से उनका करियर और मजबूत हुआ है. वहीं अब एक्ट्रेस कई बेहतरीन फिल्मों में नजर आने वाली हैं. इनके पास प्रोजेक्ट्स की लाइन लग गई हैं.

बता दें, तृप्ति डिमरी शाहिद कपूर के साथ फिल्म ओ रोमियो में रोमांस करती नजर आएंगी. इस रोमांटिक फिल्म को विशाल भारद्वाज बना रहे हैं जो 13 फरवरी 2026 को रिलीज होने वाली है.

वहीं, एनिमल के बाद तृप्ति डिमरी एक बार फिर संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म का हिस्सा बन गई हैं. अपकमिंग फिल्म स्पिरिट में तृप्ति साउथ स्टार प्रभास के साथ नजर आने वाली हैं. फिल्म से उनका फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, हालांकि अभी रिलीज डेट से पर्दा नहीं उठा है.

रिपोर्ट्स की मानें तो तृप्ति डिमरी ओटीटी प्रोजेक्ट मां-बहन का भी हिस्सा हैं. इस फिल्म में तृप्ति डिमरी माधुरी दीक्षित के साथ स्क्रीन शेयर करती दिखाई देंगी. ये एक कॉमेडी-ड्रामा होगी जो साल 2026 में ही ओटीटी पर दस्तक दे सकती है.

इसके अलावा खबरें हैं कि, तृप्ति डिमरी लीजेंड्री एक्ट्रेस परवीन बाबी की बायोपिक में लीड रोल अदा करने वाली हैं. पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक इसे नेटफ्लिक्स के लिए एक लिमिटेड एडिशन सीरीज के रूप में बनाया जा रहा है. इस सीरीज को शोनाली बोस डायरेक्ट कर रही हैं जिसकी शूटिंग मार्च 2026 में शुरू हो सकती है.

## सामंथा की 'मां इंटी बंगारम' का टीजर रिलीज, एक्शन अवतार में नजर आईं एक्ट्रेस

एक्ट्रेस-प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु की नई फिल्म 'मां इंटी बंगारम' का टीजर आज रिलीज हो गया है। फिल्म को लेकर काफी दिनों से इंतजार था। अब आज टीजर देखने के बाद फैंस का उत्साह फिल्म के लिए और भी बढ़ गया है। टीजर में इमोशन से लेकर एक्शन तक देखने को मिल रहा है। यहां जानते हैं कैसा है फिल्म का टीजरज

सामंथा ने अपने इंस्टाग्राम पर बहुप्रतीक्षित टीजर साझा किया है। 1 मिनट 47 सेकंट के इस टीजर की शुरुआत में एक महिला (सामंथा) अपने पति के साथ ससुराल पहुंचती है। वह आत्मविश्वास से वादा करती है कि एक हफ्ते के भीतर वह उनका दिल जीत लेगी। एक आदर्श बहू बनने की कोशिश में वह एक पूरी तरह से कमीशन जांच शुरू कर देती है। हालांकि, वह अपने ससुराल वालों के सामने मासूम और शांत दिखती है। टीजर में सामंथा को एक दमदार एक्शन रोल में दिखाया गया है। उन्हें अकेले ही गुंडों को ढेर करते, भीषण गोलीबारी में शामिल होते और बाद में लाशों को ठिकाने लगाकर खून-खराबे को छिपाते हुए देखा जा सकता है। टीजर शेयर करते हुए सामंथा ने कैप्शन में लिखा, 'यह गोल्ड बेहद बोल्ड है। इस फिल्म का निर्माण सामंथा के पति राज निदिमोरु ने किया है। जबकि फिल्म का निर्देशन नंदिनी रेड्डी ने किया है। नंदिनी और सामंथा की जोड़ी ओह! बेबी के बाद दोबारा साथ में लौटी है। सामंथा के साथ फिल्म में गुलशन देवैया और दिगंथ मुख्य भूमिकाओं में हैं।

# ट्रेंच कोट पहनने के बाद इन बातों का रखें खास ध्यान, नहीं होगा नुकसान

ट्रेंच कोट एक ऐसा फैशनेबल और आरामदायक परिधान है, जो ठंडे मौसम में पहनने के लिए आदर्श है। हालांकि, इसे ठीक से बनाए रखना बहुत जरूरी है ताकि यह लंबे समय तक सही रहे। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी टिप्स देंगे, जिनसे आप अपने ट्रेंच कोट की देखभाल कर सकते हैं और उसे नई जैसा बनाए रख सकते हैं। सही तरीके से देखभाल करने पर आपका ट्रेंच कोट हमेशा आकर्षक दिखेगा।

ट्रेंच कोट को धोने का सही तरीका अपनाएं

ट्रेंच कोट को धोने से पहले लेबल पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें। ज्यादातर ट्रेंच कोट ऊन या मोटे कपड़े से बने होते हैं, जिन्हें हाथ से धोना बेहतर होता है। अगर मशीन में धो रहे हैं तो नाजुक चक्र का उपयोग करें और ठंडे पानी का इस्तेमाल करें। साबुन की मात्रा कम रखें ताकि कपड़े की गुणवत्ता बनी रहे। इसके अलावा कोट को उल्टा कर के धोएं ताकि उसकी बाहरी सतह सुरक्षित रहे।

ट्रेंच कोट को सुखाने का सही तरीका अपनाएं

धोने के बाद ट्रेंच कोट को हवा में सुखाना सबसे अच्छा होता है। इसे सीधे धूप में न सुखाएं क्योंकि इससे रंग फीका पड़ सकता है और कपड़ा सिकुड़ सकता है। सबसे अच्छा तरीका यह है कि इसे हवादार जगह पर लटकाकर सूखने दें। अगर संभव हो तो एक कपड़े की रैक पर रखें ताकि हवा चारों ओर से फैल सके और कोट अच्छी तरह से सूख जाए। इस तरह आपका ट्रेंच कोट हमेशा नया जैसा दिखेगा।

ट्रेंच कोट को स्टोर करने का सही तरीका अपनाएं

जब ठंड का मौसम खत्म हो जाए तो अपने ट्रेंच कोट को सही तरीके से स्टोर करना जरूरी है। इसे साफ-सुथरा करके अलमारी में रखें और प्लास्टिक बैग की बजाय कपड़े के थैले का उपयोग करें ताकि हवा प्रवाह बना रहे।

अगर आपके पास कपड़े की कीटनाशक गोलियां हैं तो उन्हें भी थैले में रखें ताकि कीड़े न लगें। इसके अलावा कोट को मोड़कर रखने की बजाय लटकाकर रखें ताकि उसकी सिलवटें न पड़े और वह हमेशा तैयार रहे।

ट्रेंच कोट पर प्रेस करने का सही तरीका अपनाएं

अगर आपके ट्रेंच कोट पर सिलवटें आ गई हैं तो उसे प्रेस करना जरूरी हो जाता है। प्रेस करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि कोट पूरी तरह से सूखा हो। गर्म इस्त्री का उपयोग न करें क्योंकि इससे कपड़ा जल सकता है, बल्कि मध्यम तापमान पर प्रेस करें। इसके अलावा कोट पर ज्यादा जोर न डालें ताकि उसकी सिलवटें न पड़े और वह सही दिखे। इस तरह आपके ट्रेंच कोट की देखभाल करना आसान हो जाएगा।

ट्रेंच कोट पर छोटे-छोटे मरम्मत करें

अगर आपके ट्रेंच कोट पर छोटे-छोटे छेद या फटने लग गए हों तो तुरंत मरम्मत करें ताकि समस्या बढने से पहले ही हल हो सके। इसके लिए सिलाई मशीन या हाथ से सिलाई कर सकते हैं। इस तरह आप अपने ट्रेंच कोट को लंबे समय तक इस्तेमाल कर सकते हैं और हर मौसम में नया जैसा दिखेगा। इन सरल तरीकों से आप अपने ट्रेंच कोट की गुणवत्ता बनाए रख सकते हैं।

## नवीन पॉलीशेट्टी स्टारर अनागानागा ओका राजू का ट्रेलर रिलीज

अनगनगा ओका राजू का ट्रेलर एक भव्य अंदाज में शुरू होता है, जिसमें राजा अक्कीनेनी नागार्जुन गारू की दमदार आवाज़ सुनाई देती है। इस युवा कलाकार को राजा की आवाज़ मिली है, और उनकी आवाज़ ट्रेलर को तुरंत ही एक नया आयाम देती है और इस उत्सवपूर्ण मनोरंजन के लिए एकदम सही माहौल तैयार करती है। स्टार कलाकार नवीन पॉलिशेट्टी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे आज के सबसे लोकप्रिय मनोरंजनकर्ताओं में से एक क्यों हैं। उनकी असाधारण हास्य-वृत्ति, सहज हास्य और ऊर्जावान स्क्रीन उपस्थिति ट्रेलर में छाई हुई है। हर पंचलाइन सटीक है, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि यह फिल्म के भरपूर मनोरंजन की सिर्फ एक झलक है। ट्रेलर भरपूर मनोरंजन का आश्वासन देता है जो सभी आयु वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगा। मीनाक्षी चौधरी अपनी मासूमियत और आकर्षण से प्रभावित करती हैं।



# ब्रेड से सैंडविच के अलावा भी बनाकर खाए जा सकते हैं ये लजीज व्यंजन



ज्यादातर लोग सुबह के नाश्ते में ब्रेड खाना पसंद करते हैं। यह कार्ब्स का बढिया स्त्रोत है और पेट भी भर देती है। आम तौर पर लोग या तो ब्रेड में मक्खन लगा कर खा लेते हैं या फिर उसका सैंडविच बना लेते हैं। हालांकि, इस खाद्य पदार्थ से सैंडविच के अलावा भी कई स्वादिष्ट व्यंजन बनाए जा सकते हैं। आज के लेख में हम आपको ब्रेड के 5 लजीज पकवानों की रेसिपी बताने वाले हैं।

ब्रेड पोहा

ब्रेड पोहा बेहतरीन नाश्ता है, जो बच्चों को खास तौर से पसंद आता है। इसके लिए पैन में तेल गर्म करके उसमें राई, करी पत्ते और मिर्च भूनें। अब इसमें बारीक कटे प्याज, गाजर, शिमला मिर्च और बींस को अच्छी तरह भून लें। इसके बाद इसमें हल्दी और टमाटर डालकर पकने दें। ब्रेड को छोटे टुकड़ों में काटकर इसमें डालें। इसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर और गरम मसाला मिलाएं। प्लेट में निकालकर इस पर नींबू का रस और धनिया छिड़कें।

ब्रेड लजानिया

ब्रेड लजानिया बनाने के लिए क्रीम, मक्खन, मैदा, चीज और सीजनिंग मिलाकर सफेद सॉस तैयार करें। इसके बाद शिमला मिर्च, गाजर, कॉर्न, प्याज, मशरूम, मिर्च और पसंद की सब्जियों को काटकर भून लें। इसमें मसाले और पिज्जा-पास्ता सॉस शामिल करें। एक बेकिंग डिश में ब्रेड की परत बिछाएं और ऊपर से दोनों सॉस और चीज भी डालें। एक-एक करके परत बनाते जाएं और लजानिया को बेक कर लें। ऊपर से चिली फ्लेक्स और ओरिगैनो जैसी सीजनिंग डालकर खाएं।

ब्रेड पिज्जा

पिज्जा खाने का मन करे तो झटपट ब्रेड पिज्जा बनाकर खा लें। इसके लिए पिज्जा बेस की जगह पर ब्रेड का इस्तेमाल किया जाएगा। ब्रेड के ऊपर मक्खन, पिज्जा-पास्ता सॉस, मेयोनीज और चीज स्प्रेड लगाएं। इसके बाद इसपर टमाटर, मशरूम, कॉर्न, पनीर, प्याज, शिमला मिर्च और ब्रोकली आदि रखें। ऊपर से मोजेरेला चीज डालें और सीजनिंग भी छिड़क दें। अब ब्रेड को तवे पर ढककर सेक लें और आपका ब्रेड पिज्जा तैयार हो जाएगा।

ब्रेड पकौड़ा

ब्रेड से बनने वाले पकौड़े चाय के साथ बहुत स्वादिष्ट लगते हैं। इसके लिए उबले आलू में मसाले मिलाकर एक जायकेदार फिलिंग तैयार करें। इसके बाद एक कटोरे में नमक, बेसन, पानी और मसाले मिलाकर घोल तैयार करें। 2 ब्रेड के बीच में फिलिंग भरें और उसे बेसन वाले घोल में डुबोएं। अब कढ़ाई में तेल गर्म करके पकौड़ों को तल लें। इन्हें हरी चटनी और सॉस के साथ परोसें।

ब्रेड ढोकला

ब्रेड ढोकला तैयार करने के लिए पहले ब्रेड के किनारे वाले भूरे हिस्से को काट लें। एक कटोरे में दही, ताजा कटा हरा धनिया, हरी मिर्च, नमक और काली मिर्च का पाउडर मिलाएं। इस मिश्रण को ब्रेड पर फैलाएं और ऊपर से दूसरी ब्रेड रख दें। तवे पर तेल गर्म करें और उसमें राई, हल्दी और करी पत्तों को भूनें। अब इस तड़के पर ब्रेड वाले ढोकले रखें और उन्हें दोनों तरफ से सेंकने के बाद चटनी के साथ खाएं।

## भोजपुरी गाना कमर 28 रिलीज, आकांक्षा पुरी बोलीं- बेहद खास है लिरिक्स

अभिनेत्री और सिंगर आकांक्षा पुरी का लेटेस्ट भोजपुरी सिंगल कमर 28 म्यूजिक लेबल टी-सीरीज के तहत रिलीज हो चुका है। इस गाने में आकांक्षा भोजपुरी सिंगर नीलकमल सिंह के साथ नजर आ रही हैं, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। गाने को लेकर आकांक्षा बेहद उत्साहित हैं, जिसे जाहिर करते हुए उन्होंने बताया कि कमर 28 उनके लिए बहुत खास है। उन्होंने कहा, यह गाना विशेष रूप से मुझे ध्यान में रखकर लिखा गया है। यही कारण है कि यह मेरे इतने करीब और बेहद खास है। लिरिक्स अपना सा और पर्सनल फील देते हैं। गाने की लिरिक्स धीरज बाबुआन ने लिखी है, जबकि म्यूजिक एडीआर आनंद का है। आकांक्षा और नीलकमल की जोड़ी हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर धूम मचा रही है। दर्शकों को उनकी केमिस्ट्री पसंद आ रही है। नीलकमल के साथ अपने रिश्ते पर आकांक्षा ने खुलकर बात की।

उन्होंने बताया, हमारे बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है और हम दोनों के बीच दोस्ती का खूबसूरत रिश्ता है। नीलकमल बहुत क्रिएटिव हैं और उनके साथ शूटिंग करना मजेदार लगता है। हम आउटफिट्स, हेयरस्टाइल से लेकर कलर थीम्स तक सब कुछ पहले से प्लान करते हैं, जिससे शूटिंग और भी रोमांचक हो जाती है। मुझे उनका इन्वॉल्वमेंट और डेडीकेशन बहुत पसंद है। उनके साथ काम करके उत्साहित हूं।

कमर 28 के बाद आकांक्षा के अगले चार महीनों में चार और गाने रिलीज होने वाले हैं। आकांक्षा पुरी ने मुख्य रूप से म्यूजिक वीडियोज और गानों के जरिए भोजपुरी इंडस्ट्री में काफी लोकप्रियता हासिल की है। वह पवन सिंह के साथ तुझे ना देखूं तो चैन जैसे गाने में नजर आ चुकी हैं। वहीं, खेसारी लाल यादव के साथ उनकी जोड़ी सुपरहिट रही है, खेसारी के साथ आकांक्षा लटक जईब, बदनाम तहरा से, सरसों के तेलवा, लोहा गरम और अहिरान में काम कर चुकी हैं। ये गाने लाखों व्यूज बटोर चुके हैं।

वीडियो सॉन्ग के बाद आकांक्षा भोजपुरी फिल्मों में भी डेब्यू कर रही हैं। वह खेसारी लाल के साथ फिल्म अग्निपरीक्षा में नजर आएंगी।



## सू- दोकू क्र. 284

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.283 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -284

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, डर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 283 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |



## वरुण धवन की है जवानी तो इश्क होना है की रिलीज डेट हुई कंफर्म

है जवानी तो इश्क होना है से डेविड धवन एक बार फिर निर्देशक की कुर्सी पर वापसी कर रहे हैं. इस रोम-कॉम में वरुण धवन संग मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े भी नजर आएंगीं. वहीं इस मच अवेटेड फिल्म को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. पहले यह फिल्म अप्रैल 2026 में रिलीज होनी थी. लेकिन इसकी तारीख को आगे बढ़ा दिया गया था. फाइनली मेकर्स ने आज है जवानी तो इश्क होना है की नई रिलीज डेट अनाउंस कर दी है. जानते हैं ये फिल्म कब सिनेमाघरों में दस्तक देगी? बता दें कि वरुण धवन स्टारर अपकमिंग फिल्म है जवानी तो इश्क होना है की रिलीज डेट आज अनाउंस हो गई है।

# गौवंश पर क्रूरता का मामला, राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी ने की सख्त कार्रवाई की मांग



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर के अंतर्गत ग्राम तलवापारा से गौवंश के साथ अमानवीय व्यवहार का एक गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है, जिसने पूरे क्षेत्र में आक्रोश का माहौल पैदा कर दिया है। दिनदहाड़े गांव में एक बेजुबान गौवंश के साथ की गई बेरहमी ने न केवल ग्रामीणों को झकझोर कर रख दिया, बल्कि पशु सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तलवापारा में एक व्यक्ति द्वारा गौवंश को लाठी-डंडों से निर्दयतापूर्वक पीटा गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मारपीट इतनी क्रूर थी कि गौवंश गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा और उठने की स्थिति में भी नहीं रहा। दर्द से कराहते गौवंश को देखकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने जब इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उल्टे उन्हें धमकाने और दबाव बनाने का प्रयास किया। इस घटना के बाद गांव में तनाव और आक्रोश की स्थिति बन गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी, बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया ने तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी को एक लिखित शिकायत सौंपकर दोषी व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। संगठन द्वारा दिए गए पत्र में इस कृत्य को अत्यंत निंदनीय और अस्वीकार्य बताया गया है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि गौवंश के प्रति इस प्रकार की क्रूरता न केवल पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है, बल्कि समाज की सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों पर भी गहरा आघात है। राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष अनुराग दुबे ने इस संबंध में कहा कि गौवंश भारतीय समाज में आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है, ऐसे में उसके साथ किया गया यह व्यवहार किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपी के विरुद्ध तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाने को मजबूर होगा। इधर, ग्रामीणों ने भी एक स्वर में प्रशासन से मांग की है कि घायल गौवंश के समुचित इलाज, देखरेख और संरक्षण की तत्काल व्यवस्था की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि पशुओं के साथ हो रही इस तरह की घटनाएं समाज के लिए बेहद चिंताजनक हैं और इन्हें रोकने के लिए कानून का सख्ती से पालन आवश्यक है। यह मामला एक बार फिर पशु सुरक्षा, संवेदनशीलता और प्रशासनिक सक्रियता की आवश्यकता को रेखांकित करता है। अब सभी की निगाहें पुलिस और प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हुई हैं कि दोषी के खिलाफ कब और कैसी ठोस कार्रवाई की जाती है।

## टीचर के बेटे समेत 2 की मौत

**अंबिकापुर।** मणिपुर थाना क्षेत्र के हर्राटिकरा में शनिवार देर रात तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के चलते एक कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस सडक् हादसे में कार सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो युवतियां गंभीर रूप से घायल हो गईं।वहीं, कार में सवार दो अन्य युवक भी घायल हुए हैं। जानकारी के अनुसार दुर्घटनाग्रस्त कार में कुल छह लोग सवार थे। मृतकों की पहचान चालक विशाल तिर्की और उसके साथी अंजित कुजूर के रूप में की गई है। बताया जा रहा है कि विशाल तिर्की एक शिक्षिका का बेटा था, जो दोस्तों के साथ घूमने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान यह भीषण हादसा हो गया।हादसे में गंभीर रूप से घायल युवतियों की पहचान निकिता कुजूर और तारा कुजूर के रूप में हुई है। दोनों कॉलेज की छात्राएं हैं और अंबिकापुर के एक हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थीं। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## मकर संक्रांति पर नगर में होगी पतंग प्रतियोगिता का आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर आगामी 14 जनवरी 2026, बुधवार को शहर में भव्य पतंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दोपहर 1:00 बजे से रामानुज मिनी स्टेडियम, बैकुंठपुर में आयोजित होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य पारंपरिक भारतीय पर्व मकर संक्रांति को उत्साह, खेल भावना और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाना है।

आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इसमें सहभागी बन सकें। प्रतियोगिता में विजेताओं के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार एवं मोमेंटो प्रदान किए जाएंगे, जिससे प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार सभी प्रतिभागियों को आयोजन स्थल पर ठीक दोपहर 1 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता में केवल साधारण प्लास्टिक या कागज की पतंग एवं साधारण धागे (मांझा) का ही उपयोग मान्य होगा। चाइनीज मांझा पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रत्येक प्रतिभागी को केवल एक ही पतंग से प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति होगी तथा अपनी पतंग और मांझा स्वयं साथ लाना होगा। आयोजन समिति ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह भी स्पष्ट किया है कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चे केवल अभिभावकों की निगरानी में ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में वह प्रतिभागी विजेता घोषित किया जाएगा जिसकी पतंग सबसे अधिक ऊँचाई पर अंतिम समय तक टिकी रहेगी। प्रतियोगिता से संबंधित सभी निर्णय न्यायाधीश एवं आयोजन समिति द्वारा अंतिम और सर्वमान्य होंगे। इस आयोजन का नेतृत्व टीम याराना, बैकुंठपुर (जिला कोरिया, छत्तीसगढ़) द्वारा किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति 9425256818 एवं 8959599915 पर संपर्क कर सकते हैं। आयोजकों ने नगरवासियों से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# मकर संक्रांति पर सिद्ध बाबा धाम में जुटेंगे हजारों श्रद्धालु हो रही तैयारी

### आस्था की पहाड़ी पर शिव का वास



**एमसीबी।** घने जंगलों, ऊँची-नीची पहाड़ियों और शांत वातावरण के बीच स्थित सिद्ध बाबा धाम आज केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि आस्था, इतिहास और विकास की जीवंत कहानी बन चुका है। मकर संक्रांति के अवसर पर यह स्थल श्रद्धालुओं से गुलजार हो उठता है और पूरा क्षेत्र मेले, भक्ति और उल्लास के रंग में रंग जाता है।

कुछ वर्ष पहले तक जहाँ यह प्राचीन शिव मंदिर समय की मार झेल रहा था, वहीं आज केदारनाथ धाम की तर्ज पर निर्मित भव्य मंदिर श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। खासकर रात्रि में जब मंदिर रोशनी से जगमगाता है, तो सिद्ध बाबा पर्वत पर मानो दिव्यता स्वयं उतर आती है। जिले के पुरातत्व एवं पर्यटन विभाग के नोडल अधिकारी व इतिहासकार डॉ. विनोद पांडेय बताते हैं कि सिद्ध बाबा धाम की आस्था की जड़ें वर्ष 1928 से जुड़ी हैं। उस समय कारीमाटी (वर्तमान झगड़ाखांड) क्षेत्र में कोयला खनन का कार्य प्रारंभ हुआ। उत्तर प्रदेश और बिहार से आए श्रमिकों ने इस पर्वत पर खुले में स्थित शिवलिंग की पूजा शुरू की। धीरे-धीरे साधु-संतों और तपस्वियों का यहाँ आगमन होने लगा। वे महीनों तक इसी पहाड़ी पर साधना करते, शिव आराधना करते और फिर आगे बढ़ जाते। कठिन रास्तों और घने जंगलों के कारण आरंभ में स्थानीय लोग कम ही यहाँ पहुँच पाते थे, लेकिन समय के साथ यह स्थल ग्राम देवता और आस्था के केंद्र के रूप में स्थापित हो गया। स्थानीय मंदिर समिति, जनप्रतिनिधियों और नागरिकों के सहयोग से मंदिर का कायाकल्प हुआ। जिला प्रशासन द्वारा बिजली, पानी, सीढ़ी और चबूतरे जैसी बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराई गईं। आज सिद्ध बाबा धाम न केवल पूजा स्थल है, बल्कि जिले का एक उभरता हुआ धार्मिक पर्यटन केंद्र भी बन गया है। मकर संक्रांति के दिन सिद्ध बाबा धाम का दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है। हजारों श्रद्धालु तिल-गुड़ अर्पित कर भगवान शिव से सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। मंदिर समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है, जहाँ जाति-धर्म से ऊपर उठकर सभी श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं। मेले में पूजा सामग्री, बच्चों के खिलौने, प्रसाद, तिल-गुड़ के लड्डू और पारंपरिक व्यंजनों की दुकानों से रौनक बनी रहती है। मध्यप्रदेश की सीमा से सटा होने के कारण यहाँ छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश दोनों राज्यों के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुँचते हैं। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की सक्रियता व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज सिद्ध बाबा धाम इतिहास, आस्था और आधुनिक सुविधाओं का सुंदर संगम बन चुका है। यह स्थल न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि पर्यटन की अपार संभावनाएँ भी समेटे हुए है। मकर संक्रांति पर उमड़ती भीड़ इस बात का प्रमाण है कि सिद्ध बाबा धाम आने वाले समय में जिले की धार्मिक पहचान का प्रमुख केंद्र बनकर उभरेगा।

# छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग ने किया नौवां प्रांतीय सम्मेलन



**कोरिया/बैकुंठपुर।** छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य के संरक्षण, संवर्धन एवं उसे राष्ट्रीय पहचान दिलाने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का नौवां प्रांतीय सम्मेलन 10 एवं 11 जनवरी को सिम्स चिकित्सा महाविद्यालय, बिलासपुर के भव्य सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय सम्मेलन में राज्यभर से आए साहित्यकारों, कवियों, भाषा-प्रेमियों और जनप्रतिनिधियों ने छत्तीसगढ़ी भाषा के भविष्य पर गहन विमर्श किया।

सम्मेलन का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक मंत्री राजेश अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर बिलासपुर, जिला पंचायत अध्यक्ष बिलासपुर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय पाठक ने की, जबकि संपूर्ण आयोजन का कुशल नेतृत्व आयोग की सदस्य सचिव डॉ. अभिलाषा बेहार ने किया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि सांस्कृतिक मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा केवल बोलचाल की भाषा नहीं, बल्कि समृद्ध साहित्य, लोकसंस्कृति और परंपराओं की वाहक है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कराने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह भाषा करोड़ों लोगों की पहचान है और इसे उसका उचित सम्मान मिलना चाहिए। सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में छत्तीसगढ़ी भाषा को राजकाज की भाषा में शामिल करने, शैक्षणिक संस्थानों में इसके अध्ययन-अध्यापन, तथा सरकारी कार्यों में इसके प्रयोग को बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। साहित्यकारों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भाषा के विकास के लिए केवल सरकारी प्रयास ही नहीं, बल्कि समाज की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है। राज्य के विभिन्न जिलों से आए छत्तीसगढ़ी भाषा के साहित्यकारों ने अपनी कविताओं, गीतों, छंदों और लोक रचनाओं के माध्यम से सम्मेलन को साहित्यिक रंग से सराबोर कर दिया। इसी क्रम में कोरिया जिले से उपस्थित वरिष्ठ साहित्यकार हरिकान्त अग्निहोत्री 'महर्षि' ने अपने छत्तीसगढ़ी छंदयुक्त काव्यपाठ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी रचना में छत्तीसगढ़ की माटी, संस्कृति और जनजीवन की सजीव झलक देखने को मिली, जिसे उपस्थित श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। सम्मेलन में यह भी निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु निरंतर साहित्यिक आयोजन, कार्यशालाएं और संगोष्ठियां आयोजित की जाएंगी, ताकि नई पीढ़ी को अपनी मातृभाषा से जोड़ा जा सके। कुल मिलाकर छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का यह नौवां प्रांतीय सम्मेलन छत्तीसगढ़ी भाषा और साहित्य के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ, जिसमें कोरिया जिले के कवियों की गूंज ने विशेष पहचान बनाई।

## मौदहापारा में 15 गुंडों ने नशे में चाकू मारा

**रायपुर।** मौदहापारा थाना क्षेत्र में एक चाकूबाजी की वारदात सामने आई है। पीड़ित ने बताया कि देर रात 10:30 बजे उसके छोटे भाई को 10-15 नशे में धुत युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते हमला किया। हमलावरों ने युवक को कमर के ऊपर और गले के पास चाकू मारा तथा मुक्के और घूसों से बुरी तरह घायल कर दिया। घायल युवक खून से लतफ़्ट गली में भागकर अपनी जान बचाने में कामयाब हुआ।

# कोरिया में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' का शंखनाद गांधी पार्क में कांग्रेसियों का उपवास सत्याग्रह



**कोरिया बैकुंठपुर।** ग्रामीण भारत की जीवन रेखा माने जाने वाले मनरेगा कानून पर मंडराते संकट के खिलाफ आज कोरिया जिला मुख्यालय गूंज उठा। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बैकुंठपुर के गांधी पार्क में 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत एक दिवसीय उपवास सत्याग्रह एवं प्रतीकात्मक विरोध प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन का नेतृत्व जिला प्रभारी व पूर्व विधायक गुलाब कमरो एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने किया।

गरीबों के हक पर 'प्रहार' है नया ढांचा: पूर्व विधायक गुलाब कमरो धरने को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने केंद्र की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'मनरेगा कोई सरकारी खैरात नहीं, बल्कि यूपीए सरकार द्वारा दिया गया गरीबों का संवैधानिक अधिकार है। केंद्र सरकार ने फंडिंग पैटर्न बदलकर और राज्यों पर 40% वित्तीय बोझ डालकर इस योजना को कमजोर बनाने की सोची-समझी साजिश रची है। यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को ध्वस्त करने और मजदूरों के पेट पर लात मारने जैसा है। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मनरेगा की मूल भावना इसकी 'वैधानिक गारंटी' है, जिसे वर्तमान सरकार खत्म करना चाहती है। निर्णय प्रक्रिया का केंद्रीकरण कर ग्राम सभाओं और पंचायतों की शक्ति छीनी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने और बजट कटौती की कोशिशें बंद नहीं हुईं, तो ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी और पलायन का भयावह मंजर देखने को मिलेगा। सत्याग्रह के माध्यम से कांग्रेस ने अपनी चार सूत्रीय चट्टानी मांगें दोहराई हैं, मजदूरी वृद्धि: बढ़ती महंगाई को देखते हुए न्यूनतम वेतन तत्काल 400 रुपये किया जाए। गारंटी की बहाली: काम, मजदूरी और जवाबदेही की संवैधानिक गारंटी को अक्षुण्ण रखा जाए। बदलावों की वापसी: 60:40 के नए वित्तीय ढांचे को रद्द कर पुराना स्वरूप बहाल हो। अधिकारों की सुरक्षा: पंचायतों को निर्णय लेने की पूर्ण स्वतंत्रता दी जाए। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता,पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद बंस गोपाल,जिला पंचायत सदस्य एवं ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश सिंह,राजीव गुप्ता,बिहारी लाल राजवाड़े,शैलेन्द्र सिंह,हेमसागर यादव, भूपेंद्र यादव,विकाश श्रीवास्तव,धीरज सिंह, सुमन दुबे, आशीष डबरे,देव नारायण यादव, संतोष गोयन, यशपाल सिंह, फ़ारोग सिद्दीकी, सत्य नारायण मोदी, हीरालाल साहू,दीपक गुप्ता, राज बहादुर,स्वतंत्र महोबिया,सुरेंद्र तिवारी ,सौरभ गुप्ता,जाग्रत कुर्रे, अंकित गुप्ता,वीरेंद्र कुमार साहू, विजय सिंह,अविनाश पाठक, सोहन स्वामी,एजाज़ गुड्डू,रुद्र प्रसाद साहू, निलेश साहू,अनित दुबे,एवं अनेकों कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## विकास तिवारी 6 साल के लिए कांग्रेस से निष्कासित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने अपने पूर्व प्रवक्ता विकास तिवारी को कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई झीरम घाटी हमले से जुड़े बयान और न्यायिक जांच आयोग को लेकर की गई टिप्पणी के बाद की गई है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, विकास तिवारी को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया, जिसके बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर यह फैसला लिया गया। पार्टी ने इसे अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना है।

# खरोरा थाना पुलिस की कार्रवाई, अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर जिले के थाना खरोरा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से देशी एवं अंग्रेजी शराब की बड़ी मात्रा जब्त की है। दोनों मामलों में आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पहला मामला- सलीम कोशले के पास से देशी शराब जब्त दिनांक 11 जनवरी 2026 को थाना खरोरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भण्डारपुरी निवासी सलीम कोशले अपने घर के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करने की फिराक में एक पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में देशी शराब रखे हुए है। सूचना की तस्दीक के लिए पुलिस टीम द्वारा तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। रेड कार्रवाई के दौरान आरोपी सलीम कोशले को मौके पर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पीले रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे 48 पौवा देशी मदिरा मसाला शेरा बरामद की गई। प्रत्येक पौवा में 180-180 मिलीलीटर शराब भरी हुई थी।

## न्यू राजेंद्र नगर में युवक ने 8वीं मंजिल से कूदकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आत्महत्याओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला न्यू राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है, जहाँ डॉल्फिन कॉलोनी स्थित एक बिल्डिंग की आठवीं मंजिल से छलांग लगाकर एक युवक ने खुदकुशी कर ली। इस हृदय विदारक घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान असलम अंसारी (27 वर्ष) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के रीवा जिले का निवासी था। असलम ने इतना आत्मघाती कदम क्यों उठाया, इसका खुलासा फिलहाल नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही राजेंद्र नगर थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे मामले की हर पहलू से जांच कर रहे हैं। परिजनों से पूछताछ और मृतक के मोबाइल रिकॉर्ड्स खंगाले जा रहे हैं ताकि आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा सके। राजेंद्र नगर इलाके के लिए यह हफ्ता काफी भारी रहा है। गौरतलब है कि यह पिछले 7 दिनों के भीतर सुसाइड का दूसरा बड़ा मामला है। इससे पहले अमलीडीह स्थित मारुति रेजिडेंसी में 18 साल की युवती हनीफा उर्फ अनिमा पटेल ने भी मौत को गले लगा लिया था। एक ही इलाके में बार-बार हो रही ऐसी घटनाओं ने स्थानीय प्रशासन और निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। मानसिक स्वास्थ्य बेहद महत्वपूर्ण है।

## 37वीं फेडरेशन व्हालीवाल चेम्पियनशिप छग को आबंटित -महेश गागड़ा

**रायपुर।** 37वीं फेडरेशन व्हालीवाल चेम्पियनशिप महिला पुरुष छग को फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आबंटित की गई है। उक्त चैम्पियनशिप में 72वीं सीनियर नेशनल व्हालीवाल चैम्पियनशिप का आयोजन 4 से 11 जनवरी के मध्य आयोजित किया गया जिसमें सीनियर नेशनल में प्रथम आठ स्थान पाने वाली पुरुष वर्ग की टीमें व होस्ट छग राज्य की पुरुष टीम एवं कुल 9 टीमें महिला वर्ग में प्रथम चार स्थान प्राप्त करने वाली टीमें छग राज्य की ओर से भाग ली।

# पहुंच मार्ग में भ्रष्टाचार का आरोप, लोगों ने कहा प्रशासन करे जांच

**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में विकास कार्यों के नाम पर हो रहे कथित भ्रष्टाचार के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के समीप सलका के मेको चौक से पर्चा बस्ती तथा सलवा पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य को लेकर कई गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों और जानकारों का आरोप है कि सड़क निर्माण में व्यापक पैमाने पर अनियमितताएं और भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जिसकी उच्च स्तरीय जांच अत्यंत आवश्यक है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इस सड़क निर्माण का ठेका सरगुजा जिले के एक ठेकेदार को दिया गया है, जिसने पेटी कॉन्ट्रैक्ट के माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति से कार्य करवा रहा है। आरोप है कि सड़क निर्माण में उपयोग किया जा रहा डामर एवं अन्य सामग्री सरगुजा जिले के राजपुर से तैयार कर यहां लाई जा रही है। बैकुंठपुर से राजपुर की दूरी लगभग 150 से 200 किलोमीटर बताई जा रही है। इतनी लंबी दूरी से सामग्री लाने के कारण डामर ठंडा हो जा रहा है, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के बाद ही डामर उखड़ने लगा है और सड़क जगह-जगह से खराब हो रही है। जानकारों के अनुसार सड़क निर्माण के लिए सामान्यतः 50 किलोमीटर की परिधि के भीतर ही हॉट मिक्स प्लांट से सामग्री लाना उपयुक्त माना जाता है,



ताकि डामर गर्म अवस्था में बिछाया जा सके और सड़क की मजबूती बनी रहे। लेकिन यहां इस मानक की खुलेआम अनदेखी की जा रही है, जिससे ठेकेदार और संबंधित विभाग की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह सड़क आखिर किस विभाग की योजना के अंतर्गत बनाई जा रही है। सलका के मेको चौक पर एक सूचना बोर्ड तो लगाया गया है, लेकिन उस पर न तो विभाग का नाम लिखा है और न ही योजना का विवरण। ग्रामीणों का कहना है कि यह बोर्ड पिछले चार महीनों से खड़ा है, लेकिन आज तक किसी को यह जानकारी नहीं मिल पाई कि सड़क किस विभाग द्वारा और किस योजना के तहत बनाई जा रही है। इस अस्पष्टता का लाभ उठाकर ठेकेदार मनमानी कर रहे हैं। जब इस संबंध में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एसडीओ से जानकारी ली गई तो उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सड़क लोक निर्माण विभाग की नहीं है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें स्वयं यह जानकारी नहीं है कि यह सड़क किस विभाग की है। उन्होंने आशंका जताई कि यह सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) की किसी शाखा के अंतर्गत हो सकती है, क्योंकि इस योजना की कई शाखाएं हैं, जिससे आमतौर पर भ्रम की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि कोरिया जिले में सरगुजा संभाग के ठेकेदारों को ठेके दिए जाना और फिर निर्माण कार्यों में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार होना अब आम बात हो गई है। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस सड़क निर्माण की उच्च स्तरीय जांच नहीं कराई गई, तो भ्रष्टाचार करने वाले लोग करोड़ों रुपये का गबन कर सकते हैं। ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन कोरिया से इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो और भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके।

## ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा

**रायपुर।** खाद्य तेलों में आत्मनिर्भर बनाने तथा किसानों की आय में दीर्घकालीन और स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संयुक्त रूप से नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयल पाम योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत ऑयल पाम की खेती को प्रोत्साहित करने हेतु केंद्र सरकार के अनुदान के अतिरिक्त राज्य शासन द्वारा विभिन्न घटकों में टॉप-अप अनुदान प्रदान किया जा रहा है, जिससे किसानों को आर्थिक संबल मिल सके।

# सेंड ब्लास्टिंग के साथ बरॉज में मेंटेनेंस ने पकड़ी गति, 11 महीने में होगा काम

## ई एंड एम संभाग को दिया गया है दायित्व

**कोरबा।** बहुद्देशीय हसदेव बांगो परियोजना पर आधारित कोरबा जिले के दर्री स्थित हसदेव बरॉज के मेंटेनेंस कार्य ने गति पकड़ी है। इस पर तीन करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इलेक्ट्रिक एंड मेकेनिकल कटघोरा संभाग के दायरे में दर्री सबडिवीजन इस काम को कर रहा है। संभावना है कि पूरे काम को करने में 11 महीने लग सकते हैं। जबकि हसदेव बरॉज पुल पर वाहनों के परिचालन के लिए 6 महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

हसदेव बरॉज दर्री में सतह से लेकर उपरी हिस्से में कई प्रकार के कार्यों की आवश्यकता को महसूस किया गया। बरॉज के बड़े हिस्से से जलकुंभियों को हटाने, यहां के 14 गेटों में जमीं काई, धूल-मिट्‌टी के निस्तारण के साथ पेंटिंग, आसानी से इनके प्रचालन और हर हाल में कार्य कुशल बनाने के अंतर्गत मेंटेनेंस के काम



को हाथ में लिया गया है। विभागीय अधिकारियों ने इस संपूर्ण प्रक्रिया का तकनीकी स्तर पर विश्लेषण करने के साथ प्रस्ताव तैयार किया। इसे स्वीकृति प्राप्त होने के साथ कदम बढ़ाए गए। उक्तानुसार ध्यानचंद चौराहा से हसदेव बरॉज से मुख्य मार्ग वाले हिस्से को आवागमन के लिए 6 महीने की अवधि हेतु प्रशासन के आदेश पर प्रतिबंधित कराया गया, ताकि बरॉज के समस्त क्षेत्र में मेंटेनेंस संबंधी कामकाज समग्र रूप से संचालित हो सके। विभागीय अधिकारी ने बताया कि सिंचाई विभाग ने हसदेव बरॉज के मेंटेनेंस के लिए नीतिगत रूप से अनुमति और वित्तीय राशि उपलब्ध कराई। कामकाज के अंतर्गत सभी तरह के अवरोध गेट के लो लेबल से लेकर मेन स्ट्रीम तक हटाए जाने हैं। ऑयल ग्रीसिंग के साथ हर गेट को टेक्निकली साउंड बनाया जाना है ताकि बारिश और अन्य अवधि में उन्हें आसान तरीके से संचालित किया जा सके। बताया गया कि सेंड ब्लास्टिंग के साथ गेटों की पेंटिंग की जानी है। इसी मकसद से हसदेव बरॉज से संबंधित हिस्से में सड़क पर आवागमन बंद कराया गया है। जानकारी दी गई कि उपरी, मध्य और निचले स्तर पर ऐसे सभी कार्यों के लिए होने वाले संपूर्ण मेंटनेंस के लिए 10 से 11 महीने का समय जाया हो सकता है। इसी आधार पर कामकाज को तय किया गया, जबकि मुख्य मार्ग वाले हिस्से से संबंधित कामकाज को 6 महीने में पूरा किया जाना संभावित है। इसके साथ इस रास्ते को सामान्य वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा।

### अब तक बड़ी भूमिका दर्ज की है बरॉज ने

याद रहे मिनीमाता हसदेव बांगो परियोजना से आने वाले पानी को हसदेव बरॉज में नियंत्रित करने के साथ यहां से क्षेत्रीय उद्योगों की आवश्यकताएं पूरी की जा रही है। इसमें घरेलू उपभोक्ताओं को भी शामिल किया गया है। पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश के समय इस परियोजना का निर्माण व्यापक दृष्टिकोण से किया गया था। बीते चार दशक में उद्योगों और सामान्य उपभोक्ताओं को इसके माध्यम से उल्लेखनीय सहयोग प्राप्त हुआ है।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर बालको में प्रदर्शन 13 को

**कोरबा।** पर्यावरण विकास समिति द्वारा मजूदरों को उचित मजदूरी, परसाभाठा क्षेत्र की सड़क पर डिवाइडर लगाने तथा शांति नगर मोहल्लेवासियों को न्याय दिलाने सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कल 13 जनवरी को बालको में परसाभाठा गेट के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इसकी तैयारी समिति द्वारा कर दी गई है। लोगों को आंदोलन के लिए एकजुट करने के साथ उनसे संपर्क कर आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान भी किया जा रहा है।

## ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**कोरबा।** पुटीपखना बीजाडांड और रानीअटारी क्षेत्र के कुछ ग्रामीणों ने आज एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा से मिलकर ज्ञापन दिया। वे इस इलाके में प्रस्तावित निजी क्षेत्र की कोयला खदान पर आपत्ति कर रहे हैं। हाल में ही उनके यहां एक सभा हुई जिसमें कोयला खदान खुलने से होने वाले परिणामों पर चिंता जताई गई। प्रशासन ने ज्ञापन को स्वीकार किया है। इसे उचित माध्यम से आगे भेजा जाएगा।



श्री राम सेतु यात्रा के लिए 500 बाइक और अन्य वाहन में श्रद्धालुओं का समूह आज अयोध्या के लिए रवाना हुआ। राम नाम लेखन महायज्ञ की श्रृंखला में यह काम किया गया है। इससे पहले कटघोरा के मेला ग्राउंड में युवा सम्मेलन को कौशलेंद्र सिंह ने संबोधित किया। आयोजन समिति ने बताया कि 14 जनवरी को श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए राम मंदिर ट्रस्ट ने एक घंटा का समय रिजर्व रखा है।

## परला में हाथियों की दस्तक ग्रामीणों को किया गया सतर्क

**कोरबा।** केंदई रेंज में कुछ दिनों की राहत के बाद अब हाथियों ने वापस लौटना शुरू कर दिया है। दो दर्जन हाथी बीती रात जटगा रेंज से केंदई रेंज की सीमा पर प्रवेश किया और परला जंगल में पहुंचने के साथ डेरा डाल दिया। हाथियों का आज सुबह यहां पर विचरण करते हुए देखे जाने की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गए हैं। परला व आसपास के गांव में मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का अभियान शुरू कर दिया गया है। ज्ञात रहे हाथियों का दल अक्सर केंदई रेंज के जंगल में विचरण करते रहते हैं लेकिन विगत एक माह से दल ने अन्यत्र का रूख कर लिया था और जटगा क्षेत्र में पहुंचकर वहां मुकवा पहाड़ पर डेरा डालने के साथ अपना बसेरा बना लिया था। हाथियों का दल काफी दिनों तक यहां रहने के बाद अब शुरू कर दिया है। जहां एक दंतैल हाथी दो दिन पहले झुंड से अलग होकर पाली क्षेत्र में पहुंच गया था वहीं दो हाथी पुनः झुंड से अलग होकर केंदई रेंज अंतर्गत परला पहुंच गया है। इधर कोरबा वनमंडल के करतला तथा कुदमुरा रेंज में भी हाथी लगातार विचरण कर रहे हैं।

## ट्रांसफार्मर को ठोका, शांति विहार और गायत्री नगर में अंधकार



**कोरबा।** अमरैया शांति विहार बायपास पर पिछली रात ट्रेलर चालक की गलती से एक ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचा। इसके नतीजन बगल की बस्ती का बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूब गया। सीएसईबी को इस बारे में अवगत कराया गया। व्यवस्था को बहाल करने के लिए मैदानी अमले ने भरोसा दिया है। आज दोपहर तक प्रभावित क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। नागरिकों ने बताया कि बायपास पर भारी वाहनों की आवाजाही का सिलसिला शुरू होने के बाद से समस्याएं बढ़ गई है। प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

# महिला सुरक्षा पर करेंगे काम : नीतिश

## पुलिस लाइन में जागरूकता पखवाड़ा का समापन

**कोरबा।** एडिशनल एसपी नीतिश ठाकुर ने कहा है कि वर्ष 2026 में बेसिक पुलिसिंग के साथ ट्रैफिक कंट्रोल, एक्सीडेंट में कमी के साथ महिला सुरक्षा हमारी विशेष प्राथमिकता का हिस्सा है। इस दिशा में ठोस रणनीति के साथ कार्य किए जाएंगे। उम्मीद है कि इस दिशा में हमारे सभी प्रयत्न भलीभूत होंगे।

पुलिस लाइन के सभाकक्ष में महिला सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा के समापन पर आयोजित कार्यक्रम में नीतिश ठाकुर ने यह बात कही। एडिशनल एसपी ने कहा कि महिलाओं को व्यापक अधिकार दिए गए हैं और इसके साथ उनसे संबंधित मामलों में त्वरित कार्यवाही की जा रही है। बालिकाओं से लेकर किशोरी, युवतियों और महिलाओं की सुरक्षा तय होनी ही चाहिए। पुलिस ने 1 जनवरी से शुरू किए



गए महिला सुरक्षा जागरूकता पखवाड़ा में अनेक कार्यक्रम करने के साथ सम्यक जानकारी उपलब्ध कराई। नीतिश ठाकुर ने कहा कि कार्य क्षेत्र के साथ-साथ अन्य स्थानों पर महिलाओं को अनुकूल वातावरण प्राप्त हो, यह सबसे बड़ी आवश्यकता है। समाज में आशाजनक बदलाव इसे लेकर हो, यह भी एक कोशिश है। पखवाड़े के समापन पर महिला प्रतिनिधियों की उपस्थिति कार्यक्रम में दर्ज हुई। इस मौके पर पखवाड़े के तहत किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। सीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी, रक्षित निरीक्षक पैकरा, टीआई भावना खंडारे सहित महिला पुलिस और महिला सेक्टर में अलग-अलग स्थान पर अपनी भूमिका निभाने वाले प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बताया गया कि जो तथ्य कार्यक्रम में उभरकर सामने आए उसके आधार पर पुलिस आगे कार्य करेगी। उसने यह भी स्पष्ट किया कि जिन बिंदुओं पर फोकस किया गया है वे हमेशा ध्यान में रखे जाएंगे।

## स्व.पुरुषोत्तम चन्द्रा को श्रम मंत्री विधायक व महापौर ने दी श्रद्धांजलि

**कोरबा।** कोरबा शहर के पुरानी बस्ती ब्राह्मण पारा, कोरबा निवासी गणेश राम चंद्रा के सुपुत्र पुरुषोत्तम लाल चंद्रा का पिछले दिनों दुःखद निधन हो गया। रविवार 11 जनवरी को उनका चन्दनपान व दशगात्र कार्यक्रम अयोजित किया गया जिसमें सम्मिलित होकर परिजनों व शुभचिंतकों ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दुःख की इस घड़ी में छत्तीसगढ़ के श्रम,उद्योग,वाणिज्य एवं आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन ने भी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें



और परिजनों को यह असीम कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, दुष्यंत शर्मा, निज सचिव नरेंद्र पाटनवार, मन्नू साईं राठौर, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने भी छायाचित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। देवेन्द्र पांडेय ने भी चन्द्रा निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com